DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# आज होगा फडणवीस सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार



## 33 साल बाद नागपुर में होगा मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार की कैबिनेट का विस्तार 15 दिसंबर को होगा। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होगा। इसमें 30 से 32 मंत्री शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत ज्यादा से ज्यादा 43 सदस्य हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा को 20-21 मंत्री पद मिलने की संभावना है। जबकि शिवसेना को 11-12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9-10 मंत्री पद मिल सकते हैं। संभावित मंत्रियों को शपथ के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस खुद फोन करेंगे।

### गृह निर्माण विभाग संभाल सकते हैं शिंदे

बीजेपी की शिवसेना और एनसीपी के साथ मंत्रियों की संख्या और विभागों को लेकर सहमति बन गई है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी में कहा गया है कि बीजेपी की तरफ से डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को गृह विभाग की जगह पर गृह निर्माण यानी हाउसिंग मिनिस्ट्री दी जा सकती है। सूत्रों की मानें तो इस पर सहमति हो गई है। शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना पावर शेयरिंग में गृह विभाग की मांग कर रही थी। सूत्रों के अनुसार गृह विभाग देवेंद्र फडणवीस अपने पास ही रखेंगे। पहले कार्यकाल में उन्होंने यह विभाग अपने पास रखा था। तब शिंदे शिवसेना के कोट से राजस्व मंत्री बने थे।

### एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अपने मंत्रियों की लिस्ट मुख्यमंत्री फडणवीस को दी

महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कैबिनेट फाइनल करने के लिए डिप्टी CM एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग चर्चा की। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अपने मंत्रियों की लिस्ट मुख्यमंत्री फडणवीस को दे दी है।

### 1991 में नागपुर में हुआ था शपथ ग्रहण समारोह

33 साल पहले यानी 1991 में नागपुर स्थित राजभवन में 5 मंत्रियों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय शिवसेना में बगावत हो गई थी। छगन भुजबल समेत कुछ नेताओं के शिवसेना से बगावत करने के बाद उनका शपथ ग्रहण समारोह नागपुर के राजभवन में हुआ था। उसके बाद अब फडणवीस सरकार के मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होगा, इसको लेकर राजभवन चर्चा में आ गया है।

### मंत्रिमंडल में संभावित मंत्रियों के नाम

**▸▸ शिवसेना शिंदे गुट : गोगवले, शिरसाट, खोतकर को मिल सकता है मौका**

शिंदे ने उदय सामंत, शंभुराजे देसाई, दादा भुसे, गुलाबराव पाटिल के नाम बरकरार रखे हैं। प्रवक्ता संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, भरत गोगवले, विजय शिवतारे, अर्जुन खोतकर को भी मौका मिल सकता है।

**▸▸ भाजपा से मुंडे, मुनगंटीवार और पाटिल का नाम शामिल**

कैबिनेट में चंद्रशेखर बावनकुले, चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, पंकजा मुंडे के नाम सबसे ऊपर हैं। मेघना बोर्डिकर, संभाजी पाटिल निलंगेकर, रवींद्र चव्हाण, राधाकृष्ण पाटिल, गिरीश महाजन, अतुल सावे, परिणय फुके और संजय कुटे के नाम भी शामिल हैं। बीजेपी ने कुछ नए चेहरों को मौका देने का फैसला किया है।

**▸▸ एनसीपी- अजित गुट : 5 पुराने मंत्रियों समेत जिरवाल-भरणे का नाम चर्चा में**

उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने पिछली सरकार में मंत्री रहे छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, धर्मरावबाबा, अदिति तटकरे, अनिल पाटिल के नाम बने रहेंगे। दिलीप वलसे पाटिल पहले ही इनकार कर चुके हैं जबकि हसन मुश्रिफ का पत्ता कट सकता है। सूत्रों के मुताबिक नरहरि जिरवाल, दत्ता भरणे को मंत्री पद मिल सकता है।

## दादर में नहीं टूटेगा हनुमान मंदिर

**▸▸ विरोध के बाद मध्य रेलवे ने बदला फैसला**

**धीरज सिंह । मुंबई**

मुंबई के दादर स्थित 80 साल पुराने हनुमान मंदिर को गिराने का मध्य रेलवे का फैसला अब वापस ले लिया गया है। इस मामले ने शुक्रवार और शनिवार को राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इसे लेकर बीजेपी पर निशाना साधा था और पूछा था कि यह कैसा हिंदुत्व है? वहीं, बीजेपी नेता




किरीट सोमैया ने रेलवे से नोटिस पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने हनुमान मंदिर का दौरा किया, जबकि बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने वहां महापूजा की।

रेलवे ने वापस ली अपनी नोटिस

मध्य रेलवे ने 4 दिसंबर को मंदिर ट्रस्टियों और पुजारी को नोटिस जारी किया था, जिसमें इसे अवैध कब्जा बताया गया था और सात दिन के भीतर मंदिर हटाने का आदेश दिया गया था। रेलवे ने दावा किया था कि मंदिर के कारण यातायात बाधित हो रहा है और दादर स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों में अड़चन आ रही है। नोटिस में चेतावनी दी गई थी कि यदि मंदिर स्वयं नहीं हटाया गया, तो रेलवे बलपूर्वक कार्रवाई करेगा।

### हमें शर्म नहीं, डूब मरना चाहिए...

## नसबंदी अभियान में 43 महिलाओं का ऑपरेशन

**▸▸ कड़ाके की ठंड में जमीन पर लिटाया**

**एजेंसी । हिंगोली**

महाराष्ट्र के हिंगोली में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदइंतजामी एक बार फिर सामने आई है। कड़ाके की ठंड में सर्जरी के बाद 43 महिलाओं को फर्श पर सुलाया गया। 13 दिसंबर को कुटुंब कल्याण योजना शिविर में महिलाओं को ठंड के मौसम में फर्श




पर सोना पड़ा। महिलाओं को ठंडे फर्श पर सुलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सर्जरी के बाद सोने के लिए अस्पताल में बेड उपलब्ध नहीं होने के कारण महिलाओं को फर्श पर सोना पड़ा। ये मामला कलमनुरी तालुक के बालापुर ग्रामीण अस्पताल का है। वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। लापरवाही को लेकर अस्पताल और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली

बालापुर की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली।

## पीएम मोदी ने संसद में रखे 11 संकल्प

**एजेंसी । नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सदन में 'संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने नेहरू-गांधी परिवार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस परिवार ने हर स्तर पर संविधान को चुनौती दी। उन्होंने आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा, 'दुनिया में जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो कांग्रेस के माथे से कभी यह कलंक मिट नहीं सकेगा क्योंकि लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। भारतीय संविधान निर्माताओं की तपस्या को मिट्टी में मिलाने की कोशिश की गई थी।'

- पेज 8 भी देखें



# महाराष्ट्र सरकार को 'जय स्तंभ' भूमि में प्रवेश की मिली अनुमति

## हाई कोर्ट ने कोरेगांव भीमा युद्ध की 207वीं सालगिरह को लेकर दिया आदेश

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

ऐतिहासिक कोरेगांव भीमा युद्ध की 207वीं वर्षगांठ पर एक जनवरी 2025 को कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी बीच हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को भी बड़ी राहत दी है। बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार को कोरेगांव भीमा युद्ध की 207वीं वर्षगांठ पर एक जनवरी 2025 को कार्यक्रम की व्यवस्था करने के लिए एक पखवाड़े तक पुणे स्थित 'जय स्तंभ' भूमि में प्रवेश करने की अनुमति दे दी है। पुणे के पेरने गांव में स्थित यह भूमि स्वामित्व विवाद में उलझी हुई है और अदालत के आदेश में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। इसके अनुपालन में राज्य सरकार को हर साल अदालत से अनुमति लेनी होती है। न्यायमूर्ति एस एम मोदक की एकल पीठ ने 6 दिसंबर के आदेश में राज्य सरकार को आवश्यक व्यवस्था करने के लिए 22 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 की मध्यरात्रि तक विवादित भूमि में प्रवेश करने की अनुमति दी।



### 5 जनवरी के बाद सरकार खुद भूमि से हट जाएगी

बंबई उच्च न्यायालय की पीठ ने राज्य सरकार को 31 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 की मध्यरात्रि तक जनता को परिसर में प्रवेश करने और विजय स्तंभ (जय स्तंभ) के दर्शन करने की अनुमति देने की भी अनुमति दी। हाई कोर्ट ने कहा कि 5 जनवरी के बाद सरकार खुद भूमि से हट जाएगी और इसे अपनी मूल स्थिति में बहाल कर देगी। यह आदेश राज्य सरकार द्वारा पुणे जिला कलेक्टर के माध्यम से अनुमति मांगने के लिए दायर एक आवेदन पर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पहले भी अनुमति दी गई थी और सभी संबंधित पक्षों के बीच इस वर्ष भी यही व्यवस्था जारी रखने पर सहमति बनी है।

### क्या है जय स्तंभ का इतिहास?

ऐतिहासिक अभिलेखों के मुताबिक 'जय स्तंभ' को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और मराठा संघ के पेशवा गुट के बीच 1818 में हुए कोरेगांव भीमा युद्ध की याद में स्थापित किया गया था। यह एक सैन्य स्मारक है। इसे ब्रिटिश सरकार ने 1821 में अपने सैनिकों की याद में बनाया था, जिन्होंने 1 जनवरी 1818 को कोरेगांव भीमा में पेशवाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इसके बाद में अंग्रेजों ने अपने सैनिक कंडोजिबिन गजोजी जमादार को 13 दिसंबर 1824 को जयस्तंभ का प्रभारी नियुक्त किया। जमादार कोरेगांव भीमा की लड़ाई में घायल हो गए थे। जमादार के उत्तराधिकारियों का कहना है कि 1818 की लड़ाई के कुछ साल बाद ब्रिटिश सरकार द्वारा कंडोजिबिन गजोजी जमादार को दिए गए आधिकारिक आदेश के मुताबिक, उनके परिवार को जयस्तंभ भूमि के साथ-साथ लगभग 260 एकड़ भूमि का कब्जा तब तक दिया गया था, जब तक कि उनके पास कोई पुरुष उत्तराधिकारी नहीं आ जाते।

# विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



विधानसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को जिला नियोजन भवन में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के हाथों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जायभाये, उपजिलाधिकारी व चुनाव अधिकारी वैशाली माने, निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, उपजिलाधिकारी (सामान्य प्रशासन) हरिश्चंद्र पाटील, उपजिलाधिकारी रोहयो मल्लिकार्जून माने, जिला पुरवठा अधिकारी विकास गजरे, उपजिलाधिकारी (पुनर्वसन) सर्जेराव म्हस्के पाटील, जिला नियोजन अधिकारी वैभव कुलकर्णी, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र भांबरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी शिनगारे ने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता की शिकायतों का त्वरित निवारण संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव में जिले के कुछ हिस्सों में कम मतदान हुआ था, लेकिन विधानसभा चुनाव में स्वीप पथक द्वारा किए गए अधिक प्रयास और जनजागृति अभियान के कारण 9 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ।

### सम्मानित अधिकारी और कर्मचारी

चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों में जनसंपर्क अधिकारी मनोज शिवाजी सानप, जनसंपर्क अधिकारी नंदकुमार वाघमारे, एमसीएमसी कमिटी सदस्य और पत्रकार एस. रामकृष्णन, सामाजिक विशेषज्ञ प्रसाद कुलकर्णी, ठाणे मनपा सहायक जनसंपर्क अधिकारी प्राची डिंगणकर, ठाणे जिलापरिषद जनसंपर्क अधिकारी रेश्मा आरोटे, जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ लिपिक अविनाश दे. सकपाल, सचिन वसंत कालूखे, नितीन पाटोले, कनिष्ठ लिपिक संदीप गोवलकर, भारती वाघ, सहायक फोटोग्राफर धनंजय कासार, प्रेम शुक्ला, सचिन गायकवाड, स्वरुप चाया हुले, नमन गणेश खत्री, महेंद्र नाथुलाल पटेल शामिल थे।

### नोडल अधिकारी भी हुए सम्मानित

इसके अलावा, 18 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के नोडल अधिकारियों जैसे कल्याणी पाटील, परशुराम भोये, श्रीकांत परदेशी, मिलिंद पलसुले, प्रसाद ठाकूर, उज्वला दराणे, उमेश राऊत, छाया प्रकाश डांगले, रघुनाथ गवारी, मधुरा पटवर्धन, माधवी पोफले, जितेंद्र कांबले, तनुजा रणदिवे, सुप्रिया चव्हाण, विठ्ठल देवराम दलवी, गीता गायकवाड, शंकर खाडे, प्रकाश सानप आदि को भी सम्मानित किया गया।

# पालघर जिला परिषद ने सरकारी अस्पतालों को दी एंबुलेंस

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

महाराष्ट्र शासन के परिवहन विभाग के उपनिदेशक की ओर से, जिला परिषद पालघर के स्वास्थ्य विभाग के तहत चार सरकारी अस्पतालों को एंबुलेंस भेंट की गई। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम और उपाध्यक्ष पंकज कोरे ने एंबुलेंसों को अस्पतालों को सौंपते हुए जि. प. प्रांगण में इसका शुभारंभ किया।



### एंबुलेंसों का वितरण

पालघर जिले के विभिन्न अस्पतालों को एंबुलेंसों का वितरण किया गया। ये एंबुलेंस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवघर (वसई तहसील) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रनगर (डहाणू तहसील), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा (तलासरी तहसील) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुत्रकार (तलासरी तहसील) अस्पतालों को प्रदान की गईं।

### शुभारंभ समारोह

जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, जि. प. सदस्य मंगेश भोईर, हबीब शेख और अनिल झिरवा ने इन एंबुलेंसों को चलाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे, समाज कल्याण समिति की सभापति मनीषा निमकर, कृषि व पशुसंवर्धन सभापति संदीप पावडे, सार्वजनिक निर्माण व स्वास्थ्य समिति सभापति संदेश ढोणे, महिला व बालकल्याण समिति सभापति रोहिणी शेलार के साथ-साथ जिला परिषद के अन्य सदस्य और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी भी उपस्थित थे।

### वाहन चालकों से अपील

जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने एंबुलेंसों को सौंपने के बाद वाहन चालकों से आग्रह किया कि वे इन वाहनों को अपनी संपत्ति समझें और मरीजों की सेवा को अपने कर्तव्य रूपी धर्म के रूप में निभाएं।

# राहुल गांधी के सावरकर पर अटैक से फिर फंसे उद्धव ठाकरे

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में 'इंडिया गठबंधन' यानी महाविकास आघाड़ी (MVA) की करारी हार के बाद लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी अपने ही सहयोगियों के निशाने पर हैं। शनिवार को राहुल गांधी ने लोकसभा में संविधान पर बहस के दौरान बोलते हुए विनायक दामोदर सावरकर यानी वीर सावरकर के लेख का हवाला देकर मोदी सरकार को घेरा। राहुल गांधी ने सावरकर का जिक्र किया और कहा कि सावरकार ने लिखा है कि भारत के संविधान के बारे में सबसे खराब चीज ये है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। वेदों के बाद मनुस्मृति वो ग्रंथ है जो हमारे हिंदू राष्ट्र के लिए सबसे पूजनीय है और ये प्राचीन समय से हमारी संस्कृति, रीति-रिवाज, विचार और व्यवहार का आधार बना हुआ है। आज मनुस्मृति क़ानून है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने जो कहा वो सावरकर के शब्द है।

### उद्धव ठाकरे बुरे फंसे



सावरकर के अपमान के लिए मानहानि के मुकादमें का सामना कर रहे राहुल गांधी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए उद्धव ठाकरे की मुश्किल बढ़ा दी। महाराष्ट्र में बीजेपी के बाद शिवसेना के दोनों खेमे वीर सावरकर को नायक मानते हैं। अब सवाल यह है कि राहुल गांधी के बयान के बाद उद्धव ठाकरे कैसे बीजेपी और एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के धड़े से होने वाले हमलों का सामना करेंगे। ऐसे में आने वाले दिनों में अगर उद्धव ठाकरे अलग रास्ता पकड़ें तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। पिछले दिनों जब कर्नाटक की विधानसभा से वीर सावरकर की फोटो हटाने की तैयारी से जुड़े बातें सामने आई थीं तो बीजेपी ने उद्धव ठाकरे को ही निशाने पर लिया था। राहुल गांधी ने लोकसभा में यह भी कहा कि सावरकर ने अपने लेखन में साफ कर दिया है कि हमारे संविधान में भारतीयता का कोई अंश नहीं है। उन्होंने कहा है कि भारत को इस किताब (संविधान) से नहीं बल्कि इस किताब (मनुस्मृति) से चलाया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि आज इसी की लड़ाई है। मैं सत्ता पक्ष के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप सावरकर के शब्दों का समर्थन करते हैं, क्योंकि जब आप संविधान के पक्ष में संसद में बोलते हैं तो आप सावरकर का मजाक उड़ा रहे होते हैं, उनको बदनाम कर रहे होते हैं।

# वसई विरार में टैंकरों का नहीं है फिटनेस सर्टिफिकेट!

## सड़कों पर बिना रोक-टोक दौड़ रहे हैं 65 टैंकर

> 289 टैंकरों का निरीक्षण किया गया है, जिनमें 65 टैंकरों के पास सही पेपर नहीं मिले। उन टैंकरों वालों पर 7 लाख 23 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।
>
> **अतुल आदे, सहायक प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, विरार**

**आशु विश्वकर्मा | नालासोपारा**

वसई विरार महानगर पालिका अंतर्गत जहां पानी की आपूर्ति नियमित नहीं है, वहां टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है। इस बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है कि वसई विरार की सड़कों पर चल रहे कई टैंकरों के पास फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं है। ये टैंकर सड़कों पर बिना किसी रोक-टोक के दौड़ रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि मनपा प्रशासन और आरटीओ इस गंभीर मुद्दे पर आंखें मूंदे हुए हैं। शहर में कबाड़ और बिना नंबर के खतरनाक टैंकरों में पानी भरकर सप्लाई किया जा रहा है।



### कई कॉलोनियों में मनपा की पाइप लाइन नहीं

वसई विरार शहर में एक दिन छोड़कर दूसरे दिन कम दबाव से पानी आ रहा है। कई कॉलोनियों में मनपा की पाइप लाइन नहीं है, इसलिए उन्हें अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी के टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। पानी की बढ़ती मांग के कारण शहर में टैंकर व्यवसाय फलफूल रहा है। अप्रचलित स्क्रैप वाले टैंकर शहर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। टैंकर चालक मोड़ (टर्निंग) लेते समय तेज गति से अचानक मोड़ लेते हैं, जिससे अन्य वाहनों और पैदल चलने वालों का एक्सीडेंट हो जाता है। टैंकर में नंबर, रिफ्लेक्टर, ब्रेक लैंप, स्टॉप गार्ड होना चाहिए, लेकिन टैंकरों में इनमें से कोई भी चीज नहीं होती।

### अनाधिकृत पानी के टैंकर धड़ल्ले से चल रहे

वसई विरार में अनगिनत अनाधिकृत पानी के टैंकर धड़ल्ले से चल रहे हैं। पिछले पांच सालों में इन टैंकरों से कुचलकर सड़क दुर्घटनाओं में दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग अपाहिज हो गए हैं। टैंकर चालक अधिक कमाई के चक्कर में टैंकर तेज गति से चलाते हैं, क्योंकि जितना तेज वाहन चलेगा, उतना ज्यादा पानी सप्लाई होगा। तेज गति से चलने वाले टैंकरों से अधिकतर एक्सीडेंट (सड़क दुर्घटना) होती है। वहीं वसई विरार में कई ऐसे टैंकर चल रहे हैं जिनके पास कोई पेपर नहीं हैं।


# 'सुरक्षा के मामले में भारत-इस्राइल की चुनौतियां समान'

## इस्त्रइली दूत ने बांग्लादेश हिंसा की निंदा की

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

इस्राइली राजदूत ने शनिवार को भारत और इस्राइल के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों देश सुरक्षा और उग्रवाद से संबंधित चुनौतियों में समानताएं साझा करते हैं। वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूएचईएफ) को संबोधित करते हुए मुंबई में इस्राइल के महावाणिज्य दूत कोबी शोशानी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार की निंदा की।

### सैन्य और आर्थिक नींव के महत्व पर जोर



इस्राइल के महावाणिज्य दूत कोबी शोशानी ने कहा, जो भी वहां (बांग्लादेश) हो रहा है वह अस्वीकार्य है। इसके साथ ही उन्होंने हिंदू समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधार करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हमास द्वारा इस्राइलियों की हत्या का हवाला देते हुए कहा, हम जानते हैं कि अपराधियों के हाथों बेटियों और बच्चों की हत्या होना कैसा लगता है। इस्राइली दूत ने कहा, इस्राइल और भारत सुरक्षा और उग्रवाद से संबंधित चुनौतियों में समानताएं साझा करते हैं। उन्होंने बताया कि संकट नवीनीकरण को जन्म दे सकता है। शोशानी ने कहा, एशिया में भारत इस्राइल का सबसे अच्छा दोस्त है। उन्होंने दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके साथ ही उन्होंने दोनों देशों के लिए सैन्य और आर्थिक नींव के महत्व पर भी जोर दिया।

# ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर ट्रक से गिरी पाइलिंग क्रेन

## बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के विक्रोली के पास ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक पाइलिंग क्रेन गिर गया। इस दुर्घटना में एक बाइक सवार उस समय घायल हो गया जब उस पर एक पाइलिंग क्रेन गिर गई। इस दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस की एक टीम भेजी गई है। क्रेन को एक ट्रक पर लोड किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने विक्रोली में पूर्वी एक्सप्रेस राजमार्ग पर सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई दुर्घटना के लिए ट्रेलर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### पीड़ित की हुई पहचान



उन्होंने बताया कि पीड़ित विपुल पांचाल (44) अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर कांदिवली की ओर जा रहा था, तभी पास के ट्रेलर ट्रक के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पर ले जाई जा रही एक भारी मशीन पांचाल पर गिर गई। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया। विक्रोली पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक सूर्यकांत नाइकवाड़ी ने बताया, "दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। हमने ट्रेलर ट्रक चालक को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) अधिनियम के तहत लापरवाही से वाहन चलाने और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है।"

# ठाणे के कुछ क्षेत्रों में आज 15 प्रतिशत पानी की कटौती

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



14 दिसंबर रात 1 बजे पिसे में स्थित बिजली उपकेंद्र के मुख्य ट्रांसफार्मर (1 के बी फेस) में इलेक्ट्रिक सप्लाई अचानक बंद हो गई, जिसके कारण उदंचन केंद्र पिसे के कुल 20 पंप में से 6 पंप बंद पड़ गए। इस समस्या का दुरुस्तीकरण 14 और 15 दिसंबर को किया जाएगा। इस कारण मनपा द्वारा पानी की सप्लाई में 15 प्रतिशत की कटौती की गई है। इसके प्रभाव से ठाणे के नौपाडा, पाचपाखाडी, बी-केबीन, महागीरी, कोपरी, आनंदनगर, गांधीनगर, हजुरी, किसननगर, लुईसवाडी और अंबिका नगर क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति में कटौती की जाएगी।

# नवी मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

मुंबई में क्राइम की संख्य बढ़ती जा रही है। इस पर ब्रेक लगाने के लिए और मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक खास अभियान चलाया है। नवी मुंबई क्राइम ब्रांच ने अवैध रूप से रह रहे और आपराधिक गतिविधियों में शामिल नाइजीरियाई नागरिकों के खिलाफ अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत मुंबई पुलिस ने ड्रग्स, फर्जी पासपोर्ट और बीना वीजा के रहने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस अभियान में मुंबई क्राइम ब्रांच ने 13 लोगों को ड्रग के कारोबार में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### नाइजीरियाई नागरिकों के खिलाफ चलाया अभियान



### फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले और बिना वीजा के रहने वाले लोगों पर भी कार्रवाई

इसके अलावा फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले और बिना वीजा के रहने वाले लोगों पर कार्रवाई की। क्राइम ब्रांच ने 3 लोगों को फर्जी पासपोर्ट रखने या बिना वीजा के रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही 73 लोगों को जिनके पासपोर्ट या वीजा की वैधता समाप्त हो गई है, उन्हें तुरंत देश छोड़ने का नोटिस भी दिया गया है। नवी मुंबई क्राइम ब्रांच के एसीपी भाऊसाहेब ढोले ने ये जानकारी देते हुए इस जांच अभियान के दौरान पुलिस ने अब तक इनके पास से करीब 12 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, "नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के कुल 150 पुलिस अधिकारियों और प्रवर्तकों ने इस अभियान में भाग लिया। उन्होंने आयुक्तालय की सीमा के भीतर कुल 25 स्थानों पर छापेमारी की और 2 किलो 45 ग्राम कोकीन (लगभग 10.22 करोड़ रुपए की कीमत), 663 ग्राम एमडी पाउडर (लगभग 1.48 करोड़ रुपए की कीमत), 58 ग्राम मेथिलीन (लगभग 11.60 लाख रुपए की कीमत), 23 ग्राम चरस (लगभग 3.45 लाख रुपए की कीमत), 31 ग्राम गांजा (लगभग 6 हजार रुपए की कीमत) जब्त किया है।' इसके अलावा, 73 अफ्रीकी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं, जिनके पासपोर्ट और वीजा की अवधि समाप्त हो गई है।

# नाना पटोले ने अपने इस्तीफे की खबरों को किया खारिज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने शनिवार को अपने इस्तीफे की खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जब पार्टी को हार का सामना करना पड़ता है तो इसके लिए सभी जिम्मेदार हैं। कांग्रेस नेता ने बताया कि उन्होंने कोई इस्तीफा नहीं दिया। उनका कार्यकाल तीन साल तक का था, लेकिन वे चार साल से पद पर बने हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने इस्तीफे को पार्टी का आंतरिक मुद्दा बताया।

### पटोले ने खरगे को लिखी थी चिट्ठी



रिपोर्ट में ऐसा बताया गया था कि नाना पटोले ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने खरगे से संगठात्मक पद की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया था। आज महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने नाना पटोले के इस्तीफे की खबरों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि वह इससे इनजान हैं। वडेट्टीवार ने कहा कि पार्टी की जीत और हार के लिए शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि चुनावी असफलताओं ने पटोले के फैसले को प्रभावित किया है। ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय दिल्ली में कांग्रेस के आलाकमान पर निर्भर करता है।

### मैं इससे अंजान हूं: वडेट्टीवार

कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, मैं इससे अंजान हूं। पार्टी की जीत और हार का श्रेय शीर्ष नेतृत्व को जाता है। संसद में हर कोई उन्हें (महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में) हार का श्रेय देता है। शायद इसी वजह से उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया है। दिल्ली में पार्टी के आलाकमान इसका निर्णय लेंगे।

### 'पार्टी की हार-जीत के लिए सभी जिम्मेदार'

नाना पटोले ने कहा, रमैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया। दरअसल, तीन साल का कार्यकाल था, लेकिन मैं यहां चार साल से हूं। यह पार्टी का आंतरिक मुद्दा है। सभी को पार्टी के लिए काम करने का मौका मिलना चाहिए। जब हमारी पार्टी जीती तो मैंने कभी इसका श्रेय नहीं लिया। ठीक इसी तरह जब पार्टी हारती है तो इसके लिए सभी जिम्मेदार हैं।

# कुर्ला बस हादसे के बाद मनपा ने लिया एक्शन

**बेस्ट बस स्टेशन के पास से हटाए फेरीवाले**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कुर्ला बस हादसे में 7 लोगों की जान जाने के बाद महानगर पालिका हरकत में आते दिखाई पड़ रही है, कुर्ला बेस्ट में महानगर पालिका ने सख्त कार्यवाई करते हुए स्टेशन के पास 150 मीटर तक फेरीवालों को हटा दिया है। इस मामले पर अधिकारियों का कहना है कि हम तो इन पर अक्सर कार्रवाई करते रहते है। लोगों का कहना है कि यह केवल कुछ दिनों के लिए है कुछ दिन बाद फिर ये लोग यहीं बैठ जायेगे। हादसे के पहले तक स्टेशन रोड सड़क पर दोनों तरफ वर्षों से फेरीवाले कब्जा जमाए हुए थे, जिस वजह से बेस्ट बसों के आवागमन पर भी काफी तकलीफें आती थी।





## हादसे के बाद फेरीवालों को हटाया

शेयरिंग ऑटो स्टैंड और अन्य वाहनों के आने-जाने से पूरी सड़क जाम हो जाती थी। स्टेशन के पास बड़ी संख्या में अवैध ऑटो स्टैंड भी है, बगल में ही स्कूल है, जिससे लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया था। मसले को लेकर कई बार महानगरपालिका से शिकायतें की गई थी लेकिन, कोई इसका निष्कर्ष नहीं निकाल रहा था। लेकिन बस हादसे में सात लोगों की जान जाने के बाद महानगरपालिका ने कार्रवाई करते हुए फिलहाल फेरीवालों को हटा दिया है।

## 150 मीटर का रास्ता खाली रखें

इस मामले पर अनुराग त्रिपाठी एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, फेरीवाला बड़ा मुद्दा है, इनके रोजी रोटी का सवाल है। इनको सुनियोजित और अधिकारिक तरीके से बैठाना चाहिए। कोर्ट का भी आदेश है, आधिकारिक तरीके से इन्हें बैठाया जाए तो सरकार को राजस्व भी मिलेगा। स्टेशन, स्कूल, अस्पताल से 150 मीटर रास्ते और फुटपाथ खाली रखना चाहिए। लेकिन, दुर्भाग्य से इसे भ्रष्टाचार और पैसा कमाने का जरिया बना लिया गया है इन्ही जगहों पर ज्यादा भीड़ होती है। इनसे केवल कार्रवाई के नाम पर वसूली होती है।

## सख्त निर्देश दिए

सहायक आयुक्त एल वार्ड धनंजय हर्लेकर ने बताया, सड़कों और फुटपाथों पर रेगुलर कार्रवाई करते रहते हैं। लेकिन, जब से बस हादसा हुआ है उसके बाद से हमने अपने मातहत लोगों को सख्त निर्देश दिए है। जहां भी ये लोग बैठे दिखाई पड़ रहे तो हम हटा रहे हैं। फिलहाल स्टेशन रोड और उसके 150 मीटर को हॉकर मुक्त कर दिया है। जब भी उनकी एक्टिविटी दिखाई पड़ेगी हम उसके ऊपर सख्त एक्शन लेंगे।

## ज्यादा दिनों कर नहीं चलती कार्रवाई

स्थानीय रहिवासी कुर्ला जावेद शेख ने कहा, जब से यहां पर बस हादसा हुआ है तब से सड़कों पर अक्सर रेगुलर कार्रवाई दिखाई पड़ रही है। लेकिन यह कार्रवाई कब तक होगी पता नहीं। सड़कों पर हॉकर और ऑटो टैक्सी वालों की वजह से जाम रहता है।इन पर कोई भी सख्त ऐक्शन नही लिया जाता है।कुछ दिनों बाद फिर फेरीवाले यहीं बैठ जाएंगे।

# पहले से भी ऊंची बनेगी बनेगी शिवाजी महाराज की विशाल प्रतिमा

**मुंबई।** अगस्त में दो से तीन दिनों से भारी बारिश और तेज हवाएं चलने के कारण शिवाजी महाराज की मूर्ति को क्षति पहुंची थी। भारी बारिश और आंधी तूफान के चलते मालवण में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की विशाल मूर्ति ढह गई थी। अब इस मूर्ति को फिर से बनाने का काम शुरू होने वाला है। इसके लिए ठेका भी दे दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने मालवण में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की 60 फुट ऊंची नई प्रतिमा बनाने का ठेका दिया है। महाराष्ट्र सरकार ने यह शिवाजी महाराज की मूर्ति बनाने का यह ठेका प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार की कंपनी को दिया है।



## 35 फुट ऊंची प्रतिमा ढही

इस वर्ष 26 अगस्त को सिंधुदुर्ग जिले के मालवण तालुका में स्थित किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा ढह गई थी। उस मूर्ति का पिछले साल ही 4 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनावरण किया था। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मूर्तिकार के पुत्र अनिल सुतार ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि कांस्य से बनी नई प्रतिमा 60 फुट ऊंची होगी और इसे 10 फुट ऊंचे स्थान पर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतिमा में शिवाजी महाराज हाथ में तलवार उठाए खड़े होंगे।

## कांस्य और स्टेनलेस स्टील का होगा उपयोग

उन्होंने यह जानकारी दी कि इस बार यह मूर्ति 60 फुट उंची होगी। इस मूर्ति में इस बार किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं होगा। इस मूर्ति को कांस्य और स्टेनलेस स्टील का उपयोग कर बनाया जाएगा और इस मूर्ति को 6 महीने के अंदर-अंदर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, "प्रतिमा के लिए करीब 40 टन कांस्य और 28 टन 'स्टेनलेस स्टील' का इस्तेमाल किया जाएगा और इसे छह महीने में पूरा किया जाएगा।" आपको जानकारी दें कि सिंधुदुर्ग किला 1660 में छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनाया गया था और मालवन में राजकोट किला 1664 के आसपास बनाया गया था।


# बॉम्बे हाईकोर्ट ने कोकाकोला के खिलाफ कार्यवाही को रद करने से किया इनकार

**मिलावटी पेय पदार्थ बेचने का है आरोप**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कोका-कोला कंपनी में मिलावटी पेय पदार्थों की बिक्री को लेकर फैसला सुनाया है। महाराष्ट्र के जालना जिले में एक मजिस्ट्रेट की अदालत की तरफ से हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही को रद करने से इनकार कर दिया गया है।

फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की तरफ से मीठे कार्बोनेटेड पेय 'कनाडा ड्राई' की बोतलों के अंदर रेशेदार पदार्थ और मकड़ी के जाले पाए जाने के बाद कंपनी ने महाराष्ट्र के जालना जिले में एक मजिस्ट्रेट की अदालत की तरफ से शुरू किए गए मामले को खारिज करने की मांग की थी।



## एफडीए ने सीलबंद बोतलों में पदार्थों की खोज की

2001 में, हिंदुस्तान कोका-कोला के प्रोडक्ट कनाडा ड्राई' की जांच के दौरान, एफडीए ने सीलबंद बोतलों में दूषित पदार्थों की खोज की। 12 दिसंबर 2001 की समाप्ति तिथि वाली 321 बोतलों का स्टॉक 27 जुलाई 2001 को जब्त कर लिया गया था। जांच के बाद, कंपनी के खिलाफ कथित तौर पर निवारण अधिनियम का उल्लंघन करने के लिए शिकायत दर्ज की गई थी।

## राहत के लिए कोका-कोला की अपील खारिज

ये कंपनी वैश्विक कोका-कोला पेय व्यवसाय का हिस्सा है। कंपनी ने शिकायत दर्ज करने में देरी होने का तर्क देते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट में शिकायत को चुनौती दी। 2010 में, मजिस्ट्रेट अदालत ने कंपनी को एक नोटिस जारी किया, जिससे उसकी कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई। 11 दिसंबर को, बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद पीठ के न्यायमूर्ति वाई जी खोबरागड़े ने फैसला सुनाया कि पेय निर्माता ने कार्यवाही को रद करने के लिए पर्याप्त आधार प्रस्तुत नहीं किया था। अदालत के फैसले ने 14 साल से अधिक की देरी के बाद मामले को आगे बढ़ने की अनुमति दी।

## हिंदुस्तान कोका-कोला का स्टे एक्सटेंशन का अनुरोध

आदेश पारित होने के बाद, हिंदुस्तान कोका-कोला ने आपराधिक कार्यवाही पर अंतरिम रोक को आठ हफ्ते के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया। हालांकि, पीठ ने इससे इनकार कर दिया और आपराधिक कार्यवाही जारी रखने की अनुमति दे दी।

# मालेगांव में वोट जिहाद के लिए आया 125 करोड़: सोमैया

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में मालेगांव पर वोटों के लिए हुई फंडिंग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मालेगांव वोट जिहाद पैसा घोटाले की जांच शुरू हो गई है और जल्द ही सब साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मालेगांव वोट जिहाद का पैसा घोटाले मामले में यह बात सामने आई है कि सिराज मोहम्मद ने नासिक मर्चेंट बैंक में जो 14 बेनामी कंपनियों के अकाउंट खोले थे, उनमें हिंदुस्तान के 21 राज्यों के 255 बोगस कंपनियों के बैंक अकाउंट से 112 करोड़ 71 लाख 97 हजार 780 रुपए जमा हुए।

किरीट सौमैया ने कहा, 'इसी तरह से मालेगांव की बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में 5 बेनामी अकाउंट खोले गए। इनमें 53 करोड़ 75 लाख रुपए के रुपए आए हैं। अब महाराष्ट्र के एटीएस पुलिस ने इसकी जांच अपने हाथ में ली है। जो 250 से बोगस कंपनियों में से पैसे आए हैं, अब उनकी जांच भी शुरू हो चुकी है।'

## वोट जिहाद में करोड़ों के खेल का दावा



दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को महाराष्ट्र में हार का सामना करना पड़ा, मालेगांव में भी बीजेपी उम्मीदवार की हार हुई थी। 11 नवंबर को भाजपा नेता किरीट सोमैया ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वोट जिहाद के लिए करोड़ों की फंडिंग का खुलासा किया था। उससे पहले भी उन्होंने वोट जिहाद के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग की बात कही थी।

## बेनामी अकाउंट्स के जरिए हुआ खेल

भाजपा नेता ने कहा था, 'मालेगांव में सिराज अहमद और मोईन खान नाम के शख्स ने मिलकर दो दर्जन बेनामी अकाउंट एक कॉपरेटिव बैंक में खोले, जिसमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश समेत अलग-अलग राज्यों में मौजूद ब्रांचों से इन बेनामी अकाउंट में पैसे भेजे गए थे।

## 2500 ट्रांजेक्शन हुए

सिर्फ चार दिन में 125 करोड़ रुपये से अधिक रकम इन अकाउंट में जमा की गई। इसके बाद सिराज अहमद और मोईन खान ने अलग-अलग 37 अकाउंट में वापस पैसे ट्रांसफर किए और फिर इसे निकाल भी लिया गया। कुल मिलाकर 2,500 बैंक ट्रांजेक्शन किया गया, जिसमें 125 करोड़ पैसे भेजे गए और इतने ही निकाल भी लिए गए।₹ किरीट सौमैया ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस के ATS विभाग ने इस प्रकरण की जांच अपने हाथों में ली है, इन 255 बोगस कंपनियों मै से जो पैसा आया है उसकी भी जांच शुरू कर दी गई है।

# महाराष्ट्र की हार पर कांग्रेस करेगी मंथन

**रमेश चेन्निथला 17 दिसंबर को विधायकों-उम्मीदवारों की लेंगे बैठक**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एमवीएम की करारी हार के बाद मंथन शुरू हो गया है। एक ओर जहां एमवीए में मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सपा नेता अबू आजमी ने एमवीए से नाता तोड़ने का ऐलान भी कर दिया है। इस बीच अब कांग्रेस चुनाव में हार को लेकर मंथन करेगी। महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से नागपुर में आयोजित होना है। इसके लिए सभी 288 विधायक नागपुर पहुंचेंगे। ऐसे में कांग्रेस विधानसभा चुनाव में प्रदर्शन पर मंथन करेगी। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला नागपुर में पार्टी के विधायकों और उम्मीदवारों के साथ चर्चा करेंगे।

## कांग्रेस को केवल 16 सीटों पर मिली जीत



बता दें कि महाराष्ट्र में पिछले महीने 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया है। हालिया, संपन्न हुए चुनाव में पार्टी ने 101 सीट पर उम्मीदवार उतारे और उनमें से केवल 16 सीटों पर जीत दर्ज कर पाए। हालांकि, कुछ महीने पहले ही हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 13 सीट जीती थीं, जो राज्य में किसी भी पार्टी को मिली सबसे अधिक सीट है।

# अवैध पान टपरीवालों और फेरीवालों पर बड़ी कार्रवाई!

**मुंबई।** मेघवाडी पुलिस थाना क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में बड़ी कार्रवाई की गई। विशेष पुलिस आयुक्त के आदेश पर, पुलिस उपायुक्त जोन 10 के मार्गदर्शन में, मेघवाडी पुलिस थाना और महानगरपालिका के के/पूर्व विभाग ने यह कार्यवाही शुरू की। सर्वोदय नगर से बाल विकास स्कूल तक के क्षेत्र में अवैध पान टपरीवालों और फेरीवालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। इस दौरान 2 पान टपरी और 9 अवैध फेरीवाले पकड़े गए। उनका सारा सामान पालिका के के-पूर्व वार्ड के गोदाम में जमा कर लिया गया।

## यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई



इसके अलावा, आघाडी नगर स्थित जंक्शन पर भी यातायात नियंत्रण के लिए कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 20 वाहन चालकों को हेलमेट न पहनने पर पकड़ा गया, 10 रिक्शा चालकों को पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया गया। 2 किराया न देने वाले यात्रियों और 8 अधिक यात्रियों को ले जाने वालों पर कार्रवाई की गई। वहीं, 4 रिक्शा चालकों पर जुर्माना लगाया गया।

## मेघवाडी पुलिस ने की है कार्रवाई

मेघवाडी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संभाजी जाधव के निर्देश पर महिला पुलिस निरीक्षक मिना जगताप, पुलिस उपनिरीक्षक आनंद भगत और पुलिस उपनिरीक्षक सावंत ने अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से यह कार्रवाई पूरी की। यह कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और संभाजी जाधव ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की सख्त और व्यवस्थित कार्रवाई जारी रहेगी।

**पश्चिम रेलवे**

भंडार विभाग

ई-नीलामी बिक्री जनवरी 2025 के दौरान पी-वे और अन्य विभिन्न स्क्रैप के लिए

विशेष ध्यान: सभी स्टील क्रेता और री-रोलर

पी.वे स्क्रैप, रेल स्क्रैप और अन्य विभिन्न स्क्रैप सामग्री के निपटान के लिए सार्वजनिक ई-नीलामी जनवरी 2025 में नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी:

| पहला दौर | दूसरा दौर | डिपो/ डिवीजन | डिपो/डिवीजन. प्रभारी अधिकारी | संपर्क नं. |
|---|---|---|---|---|
| 02/01/2025 | 17/01/2025 | प्रतापनगर | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-प्रतापनगर | 0265-2658858 09724045550 |
| 06/01/2025 | 27/01/2025 | महालक्ष्मी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-महालक्ष्मी | 022-24929571 09004495750 |
| 06/01/2025 | 27/01/2025 | पारदी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-पारदी | 022-24929571 09004495750 |
| 06/01/2025 | 21/01/2025 | वडोदरा | वरिष्ठ संभागीय सामग्री प्रबंधक-वडोदरा | 02652641592 09724091750 |
| 07/01/2025 | 22/01/2025 | रतलाम | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक-रतलाम | 07412230080 09752492750 |
| 08/01/2025 | 23/01/2025 | भावनगर पारा | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक-भावनगर पारा | 02782444360 09724097750 |
| 08/01/2025 | 24/01/2025 | मुंबई सेंट्रल | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक-मुंबई सेंट्रल | 022-23094142 09004499006 |
| 09/01/2025 | 27/01/2025 | अहमदाबाद | वरिष्ठ संभागीय सामग्री प्रबंधक-अहमदाबाद | 07922205888 09724093750 |
| 09/01/2025 | 28/01/2025 | राजकोट | वरिष्ठ संभागीय सामग्री प्रबंधक-राजकोट | 02812476943 09724094770 |
| 10/01/2025 | 28/01/2025 | दाहोद | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-दाहोद | 02673241295 09724090455 |
| 10/01/2025 | 24/01/2025 | साबरमती | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-साबरमती | 07927500080 09724093774 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संबंधित डिपो/मंडल अधिकारियों से संपर्क करें। नोटः 1. रेलवे ई-नीलामी से किसी भी लॉट को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 2. ई-नीलामी निर्धारित समय के अनुसार शुरू होगी। 3. ई-नीलामी कैटलॉग www.ireps.gov.in ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। 4. ई-नीलामी, डिजिटल हस्ताक्षर, पंजीकरण प्रक्रिया और भागीदारी के संबंध में किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर, कृपया ऊपर उल्लिखित डिपो/मंडल अधिकारी से संपर्क करें। 5. सभी भुगतान लेनदेन ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से किए जाएंगे।

(सं.एस/III/नीलामी कार्यक्रम-1/जनवरी, 2025 दिनांक 09.12.2024) 0835

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

**मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

ई-निविदा सूचना क्रमांक. 55, दिनांक 12-दिसम्बर-2024

| निविदा संख्या | आइटम विवरण | मात्रा | खुलने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 10241580E | लोको साइड बफर असेंबली | 463 नग | 26/12/2024 |
| 41245074 | 171 थीन कलाएंट्स (एमएस विंडोज़), 171 यूपीएस और 171 डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर्स की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग | 171 नग | 31/12/2024 |
| 27243415A | सर्वो मोटर असेंबली | 976 नग | 01/01/2025 |
| 27243652A | फाइबर ऑप्टिक केबल का सेट | 32 सेट | 06/01/2025 |
| 38244309 | आरसीएफ डीआरजी के लिए एलएचबी नॉन-एसी कोचों के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग (बाहरी)। नंबर एलजी 05101, Alt-c और RDSO विशिष्टता संख्या RDSO/2017/CG-01 Rev. 02 के अनुरूप फरवरी 2023, स्प्रिंग कोड-F09 | 200 नग | 07/01/2025 |
| 18243494 | वुडवर्ड गवर्नर के लिए ओवरहालिंग किट | 54 नग | 08/01/2025 |
| 27242444 | स्थायी फील्ड डायवर्टर | 16 सेट | 08/01/2025 |
| 71245068 | अल्ट्राथर्मिक कटिंग उपकरण (Inland तथा पानी के नीचे) | 11 सेट | 09/01/2025 |
| 90241029A | डेंसिफाइड रेज़िन इंप्रेग्नेटेड कॉम्प्रेग प्लाइवुड, आकार: 2850 x 850 12 मिमी RDSO स्पेसीफिकेशन के लिए. क्रमांक सी-9407 | 8228 नग | 09/01/2025 |
| 50243081 | लो मेंटेनेंस लेड एसिड (LMLA) बैटरी सेकेंडरी सेल 2V x 80AH क्षमता। | 8916 नग | 13/01/2025 |
| 80243151A | ट्रांसफार्मर ऑयल | 58102 लिटर | 13/01/2025 |
| 38245123 | उच्च क्षमता वाले अंतरवाहन कपलर्स की आपूर्ति | 60 सेट | 17/01/2025 |
| 50244015 | प्रत्येकी 60 सेल 2V/300AH का सीलबंद रखरखाव मुक्त VRLA बैटरी सेट एसएमपीएस आधारित एकीकृत विद्युत आपूर्ति (आईपीएस) प्रणाली के लिए। | 125 सेट | 20/01/2025 |
| 50243102 | मुख्य रंग लाइट सिग्नल के लिए एलईडी सिग्नल लैंप | 1422 नग | 27/01/2025 |
| 36245012 | 500 केवीए, 22 केवी / 2.2 केवी 3 फेज पावर ट्रांसफार्मर। | 06 नग | 09/01/2025 |

नोट : उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सीएसएमटी 610

रेलवे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**पश्चिम रेलवे**

**साइड पाथवे का संशोधन**

उप मुख्य अभियंता (पुल-लाइन), पश्चिमी रेलवे, दादर आमंत्रित करते हैं **निविदा संख्या: DYCE-BR-DDR-2024-19 कार्य का नाम:** "विरार-सूरत खंड में ADEN/B/BL के अंतर्गत 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति बढ़ाने के संबंध में पुल पर OHE मस्तूल के प्रावधान के लिए साइड पाथवे का संशोधन." **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 8351715.49. **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु. 167000.00.**ई-निविदा प्रस्तुत करने और ई-निविदा खोलने की तिथि और समय:** ऑनलाइन निविदा 13.01.2025 को 15.00 बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है, और उसी तिथि 13.01.2025 को 15.30 बजे खोली जानी है. निविदा की पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है. 838

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**एलएचबी कोच**

मंडल रेल प्रबंधक (मैकेनिकल), मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008, आमंत्रित करता है **निविदा सूचना सं.: एमएमसीटी-पानी भरना-2024. दिनांक: 11.12.2024.कार्य और स्थान:** मुंबई सेंट्रल कोचिंग डिपो में एलएचबी कोच में अतिरिक्त पानी भरने की व्यवस्था की आपूर्ति, स्थापना, फिटमेंट, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए अनुबंध कार्य, रेलवे द्वारा अनुमोदित ड्राइंग के अनुसार. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 78,38,740.00/-.(सभी शामिल).**ईएमडी:** रु. 1,56,800/-.**जमा करने की तिथि और समय:** 07.01.2025, 15.00 बजे तक.**खुलने की तिथि और समय:** 07.01.2025 को 15.30 बजे. कृपया निविदा दस्तावेज, शुद्धिपत्र और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 833

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008.आमंत्रित करता है **निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/231. दिनांक: 10/12/2024. कार्य और स्थान:** मुंबई सेंट्रल: मुंबई सेंट्रल में डीआरएम परिसर के नीचे शौचालय की मरम्मत. **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,24,68,931.28 रु. **ईएमडी:** 2,12,400.00 रु. **जमा करने की तिथि और समय:** 03.01.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि और समय:** 03.01.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं. 0829

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**पूर्णता रेखाचित्र तैयार करना**

वरिष्ठ डीएसटीई/एस/एमएमसीटी आमंत्रित करते हैं **निविदा संख्या: एसजी 623/1743/डब्ल्यूए. दिनांक: 10/12/2024 कार्य और स्थान:** पश्चिम रेलवे के मुंबई डिवीजन के उपनगरीय खंड में पूर्णता रेखाचित्र तैयार करना. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 8,08,528.18/- .**बयाना राशि:** रु. 16,200/-. **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने के लिए बंद होने की तिथि और समय:** 02.01.2025, 15.00 बजे तक. **ई-निविदा खोलने की तिथि और समय:** 02.01.2025 को 15.30 बजे. निविदा को वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। 0827

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**रुचि की अभिव्यक्ति**

**चिकित्सा विभाग**

जगजीवन राम अस्पताल (JRH), मुंबई सेंट्रल, मुंबई, पश्चिम रेलवे आमंत्रित करता है **निविदा सूचना संख्या: बोली संख्या GEM/2024/B/5685966दिनांक: 11/12/2024 कार्य का नाम:** तीन वर्षों के लिए JRH RT PCR प्रयोगशाला के लिए मैनपावर आउटसोर्सिंग सेवाओं का अनुबंध. **अनुबंध की अनुमानित लागत:** रु. 1,04,60,444/- (सभी शामिल) **ईएमडी:** रु. 2,02,302/- **समापन अवधि:** 36 महीने **जमा करने की तिथि और समय:** 03-01-2025, 17:00:00 तक **खुलने की तिथि और समय:** 03-01-2025 को 17:30:00 बजे. निविदा दस्तावेज, शुद्धिपत्र और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए कृपया GeM साइट (सरकारी ईमार्केट प्लेस) पर जाएं। 836

: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**एलएचबी कोच**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 13. आमंत्रित करते हैं. **निविदा आमंत्रण सूचना संख्या: WR- PL-ME-EST-493099 दिनांक: 11.12.2024. कार्य का नाम:** एलएचबी कोच में फिट किए गए प्रेशराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम/इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक प्रेशराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम (ईपीपीएफएस) का रखरखाव. **अनुमानित लागत:** रु. 93,39,694.71/- (जीएसटी सहित). **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु. 1,86,800.00/-. **ई-बोली जमा करने और ई-निविदा खोलने की अंतिम तिथि और समय:** 13.01.2025 को 14:00 बजे.बोली प्रपत्र और अन्य विवरण जैसे शुद्धिपत्र वेबसाइट: www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। 834

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# शतरंज का बादशाह

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी का वर्ल्ड चैंपियन बनना हर भारतीय को उल्लास से भर गया। वजह है कि वह दुनिया में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जो बताता है कि भारत अब शतरंज के ग्रैंड मास्टरों की खान बनता जा रहा है। वीरवार को उसने सिंगापुर में खेली गई विश्व चैंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। बचपन में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा था कि उनका सपना क्या है तो बालक गुकेश ने दो टूक शब्दों में कहा था कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। यह तो तय था कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे, लेकिन इतनी जल्दी बनेंगे यह उम्मीद उनके अलावा किसी को नहीं थी। विश्वनाथन भी विश्व चैंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े। बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा। बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। बहरहाल, चेन्नई के गुकेश डी की इस कामयाबी ने एक संकेत यह दिया कि चेन्नई देश को लगातार विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर दे रहा है। यहां तक कि कई चैंपियन देने वाले चेन्नई को भारत की शतरंज की राजधानी तक कहा जाने लगा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है। यहां तक कि स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वे 2019 में भारत के सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले मोहरों के माहिर थे। कालांतर उनकी प्रतिभा निखारने के लिये पिता ने उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाया। उनके प्रशिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया। परिवार व स्कूल के संबल से प्रतिभा निखरी। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज विश्व चैंपियनशिप जीतने के मुकाम तक जा पहुंचा है। वैसे वे इससे पहले कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप में गोल्ड, स्पेन में संपन्न अंडर-12 चैंपियनशिप, यूरोपियन चेस क्लब कप के अलावा कई ओपन टाइटल समेत कई खिताब भी जीत चुके हैं। निस्संदेह, इस शिखर की कामयाबी में जहां गुकेश की कड़ी मेहनत, एकाग्रता व जुनून शामिल है, वहीं सर्जन पिता डॉ.रजनीकांत के त्याग का भी बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपना कैरियर ही बेटे के भविष्य के लिये छोड़ दिया था। वहीं गुकेश के कैरियर को बुलंदियों तक पहुंचाने में योग का भी योगदान है, जिसने उन्हें गहरी एकाग्रता दी है। एक अंतर्राष्ट्रीय चैनल से भेटवार्ता में उन्होंने स्वीकार किया था कि योगाभ्यास ने उनकी एकाग्रता को संबल देकर मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। जिससे किसी भी असफलता से वे जल्दी ही उबर जाते हैं। बहरहाल, देश को उनसे और बड़ी कामयाबी की उम्मीदे हैं।

# देश की तरक्की हेतु जरूरी है ऊर्जा आत्मनिर्भरता



डॉ. शशांक द्विवेदी

पिछले लगभग दो साल से यूक्रेन-रूस युद्ध जारी है। इस्राइल का हमास (फलस्तीन) – ईरान हिज्बुल्ला के बीच भी संघर्ष चल रहा है। पूरे पश्चिम एशिया में अशांति का दौर जारी है। इन युद्ध और संघर्षों के कारण से अभी भी यूरोप बिजली, प्राकृतिक गैस और ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। पिछले कुछ समय से पूरी दुनिया महंगाई और ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। भारत तो अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से भी अधिक कच्चा तेल अन्य देशों से आयात करता है।

भारत काफी सालों से अक्षय ऊर्जा क्षमता का विस्तार करता जा रहा है। पिछले दिनों एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता 10 अक्तूबर तक 200 गीगावाट के आंकड़े को पार कर गई है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है कि देश की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 452.69 गीगावाट है, जिसमें लगभग आधी हिस्सेदारी अक्षय ऊर्जा स्रोतों की हो गई है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुसार अक्षय ऊर्जा के मामले में सौर ऊर्जा देश में पहले स्थान पर है। सौर ऊर्जा उत्पादन के मामले में आज भारत दुनिया में पांचवें स्थान पर है। सौर ऊर्जा के बाद नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक विकास पवन ऊर्जा का हुआ है। देश में इसकी स्थापित क्षमता 47.36 गीगावाट है। आज पवन ऊर्जा की स्थापित क्षमता के मामले में भारत चीन, अमेरिका और जर्मनी के बाद चौथे स्थान पर है।

किसी भी देश के आधारभूत विकास के लिए ऊर्जा का सतत और निर्बाध प्रवाह बहुत जरूरी है। देश में प्रति व्यक्ति औसत ऊर्जा खपत वहां के जीवन स्तर का सूचक होती है। बढ़ती आबादी के उपयोग के लिए और विकास को गति देने के लिए हमारी ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। द्रुतगति से देश के विकास के लिए औद्योगीकरण, परिवहन और कृषि के विकास पर ध्यान देना होगा। इसके लिए ऊर्जा की भी आवश्यकता है। देश में बिजली की मांग भी वर्तमान उपलब्धता से कहीं अधिक है। आवश्यकता के अनुरूप बिजली का उत्पादन नहीं हो रहा है। कोविड महामारी का दुष्प्रभाव लगभग खत्म होने के बाद से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आई है जिस कारण से बिजली की मांग भी बढ़ी है। आने वाले समय में भारत में बड़ा बिजली संकट पैदा हो सकता है। यही कारण है कि भारत सहित दुनियाभर में अब ऊर्जा के गैर-अक्षय संसाधनों के मुकाबले अक्षय ऊर्जा संसाधनों की मांग निरंतर तेजी से बढ़ रही है।

ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ ऊर्जा संरक्षण पर भी ध्यान देना होगा। अपना भविष्य उज्ज्वल बनाए रखने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में सभी तरह की ऊर्जा तथा ईंधन की बचत अत्यंत आवश्यक है। आज हम बचत करेंगे तो ही भविष्य सुविधाजनक रह पाएगा। दैनिक जीवन में उपयोग के लिए जीवाश्म ईंधन, कच्चे तेल, कोयला, प्राकृतिक गैस इत्यादि ऊर्जा स्रोतों द्वारा पर्याप्त ऊर्जा उत्पन्न की जा रही है, लेकिन ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए भविष्य में इन ऊर्जा संसाधनों की अत्यधिक कमी होने या इनके समाप्त होने का भय पैदा हो गया है।

वस्तुतः ऊर्जा हमारे जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है, चाहे वह किसी भी रूप में हो। भोजन, प्रकाश, यातायात, आवास, स्वास्थ्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ मनोरंजन, दूरसंचार, सुख संसाधन, पर्यटन जैसी आवश्यकताओं में भी ऊर्जा के विभिन्न रूपों ने हमारी जीवनशैली में अनिवार्य स्थान बना लिया है। इन सबमें भी बिजली ऊर्जा वह प्रकार है जो सबसे सुगमता से हर कहीं सदैव हमारी सुविधा हेतु सुलभ है। यही कारण है कि अन्य ऊर्जा विकल्पों को बिजली में बदलकर ही उपभोग किया जाता है।

वास्तव में यदि ऊर्जा का उपयोग सोच-समझ कर नहीं किया गया तो इसका भंडार जल्द ही समाप्त हो सकता है। प्रकृति पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही हमारी भावी पीढ़ियों का भी है। जब हम अपने पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों के फल खाते हैं, उनकी संजोई धरोहर का उपभोग करते हैं तो हमारा नैतिक दायित्व है कि हम भविष्य के लिए भी नैसर्गिक संसाधनों को सुरक्षित छोड़कर जाएं, कम से कम अपने निहित स्वार्थों के लिए उनका दुरुपयोग न करें, अन्यथा भावी पीढ़ी और प्रकृति हमें कभी माफ नहीं करेगी।

आज भारत 'अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन' का सफल नेतृत्व कर रहा है। परंपरागत ऊर्जा स्रोतों के पर्यावरणीय दुष्प्रभावों और भविष्य में इसके समाप्त होने के भय का समाधान अक्षय ऊर्जा में ही निहित है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा में सकारात्मक प्रगति के बावजूद भारत की जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता 'नेट जीरो' के लक्ष्य में बाधक बन सकती है। 'पंचामृत' पहल के तहत केंद्र सरकार सीओपी-26 सम्मेलन में घोषित कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी करने, 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक ले जाने, अपनी ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त करने, अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत से कम करने तथा 2070 तक 'नेट जीरो' कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में प्रतिबद्धता से जुटी है।

जीवन मंत्र
अमृत साधना

# कहने-सुनने का फर्क

बुद्ध से एक बार उनके शिष्य ने पूछा, 'क्या हम वही सुन पाते हैं, जो आप बोलते हैं? जब मैं दूसरों से बात करता हूं, तो पता चलता है कि उन्होंने कुछ और सुना, जबकि मैंने कुछ और।



अक्सर ऐसा होता है, कोई भी वक्तव्य सुनने के बाद जब सुनने वालों से पूछें कि क्या बोला गया है, तो सौ लोगों के सौ जवाब मिलते हैं; जितने सुनने वाले, उतने ही अर्थ। इसलिए आपस में बड़े विवाद भी होते हैं।

बुद्ध से एक बार उनके शिष्य ने पूछा, 'क्या हम वही सुन पाते हैं, जो आप बोलते हैं? जब मैं दूसरों से बात करता हूं, तो पता चलता है कि उन्होंने कुछ और सुना, जबकि मैंने कुछ और। लोग इसी में विवादग्रस्त हो जाते हैं कि बुद्ध का क्या अर्थ था!' बुद्ध ने कहा, 'यह स्वाभाविक है। बोलने वाला एक है, सुनने वाले बहुत सारे। इसलिए बोली तो एक बात जाती है, लेकिन सुनी उतनी जाती हैं, जितने सुनने वाले हैं, क्योंकि तुम मन से सुनते हो, आत्मा से नहीं। कल रात ही की बात तुमसे कहूं। जब मैंने रात के अंतिम प्रवचन के बाद कहा कि अब उठो; रात्रि का अंतिम कार्य करो। कल समागम में एक चोर भी आया हुआ था, एक नगरवधु भी आई हुई थी। और जब मैंने कहा कि अब रात्रि के अंतिम काम में सब संलग्न हो जाओ, तब तुम्हें ख्याल आया ध्यान का; चोर ने सोचा कि काफी रात हो गई, चांद ऊपर चढ़ गया है, अब चौर्यकर्म का वक्त हुआ। नगरवधु ने सोचा, बहुत देर हो गई, पता नहीं, ग्राहक अब मिलेंगे भी या नहीं? मैंने एक ही बात कही थी। नगरवधु ने अपना अर्थ लिया और चोर ने अपना। फिर भिक्षुओं ने भी इसके अलग-अलग अर्थ ही लिए होंगे।'

वाकई सुनना बहुत कठिन बात है, क्योंकि सुनने की कला कभी सिखाई नहीं जाती। बोलने की कला के तो बड़े प्रशिक्षण दिए जाते हैं। मगर यदि सुनने वाले सही न हों, तो बोलने का फायदा क्या? अर्थ का अनर्थ हो जाता है। सुनने के लिए आपका मन शांत और स्वीकार भाव में होना चाहिए। लेकिन मन का कोई ठिकाना नहीं होता, फिर सुनेगा कौन?

ओशो सुनने का मनोविज्ञान समझाते हैं, 'जब तक तुम्हारा मन है, तब तक तुम अलग ही अर्थ लोगे। मन अलग करने की प्रक्रिया है। कुछ भी कहा जाए, तुम उसकी व्याख्या करोगे। व्याख्या का क्या अर्थ है? व्याख्या का अर्थ है, तुम्हारा अतीत, तुम्हारी स्मृति, तुम्हारा ज्ञान, तुम्हारा अनुभव। ये सब व्याख्या करेंगे। जो मैं तुमसे कह रहा हूं, तुम उसे अपने अतीत के माध्यम से समझोगे। तत्क्षण वह कुछ और हो गया, क्योंकि तुमने वही नहीं समझा, जो मैंने कहा। तुमने वह समझा, जो तुम्हारे अतीत की क्षमता थी। जो मैंने कहा, तुमने उसे अपने मन के बर्तन में पूरी तरह ढाल लिया। उसका आकार बदल गया, उसका रूप बदल गया, उसकी गंध भी बदल गई। और अब तुम यही सोचोगे कि यही मैंने तुमसे कहा था।'

जीवन ऊर्जा

पाओलो लोरेन्जी : जन्म 15 दिसंबर 1981

जन्म

# निरंतरता हर महान खिलाड़ी की सफलता की नींव है

पाओलो लोरेन्जी एक प्रसिद्ध इटालियन टेनिस खिलाड़ी थे। उनका जन्म 15 दिसंबर 1981 को हुआ था। उन्होंने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स में भाग लिया और एक स्थिर खिलाड़ी के रूप में पहचान बनाई। पाओलो लोरेन्जी का निधन 2023 में हुआ।




हर मैच एक नया अवसर है अपनी क्षमता साबित करने का। सफलता एक रात में नहीं आती; यह कड़ी मेहनत और समर्पण से आती है। कोर्ट पर, यह आपके प्रतिद्वंद्वी के बारे में नहीं है, यह आपके खुद से मुकाबला करने के बारे में है। विजय की राह अनगिनत बलिदानों और संकल्प से पाई जाती है।

यह हार नहीं है जो आपको परिभाषित करती है, बल्कि वह है जो आप हार के बाद उठकर करते हैं। टेनिस में, जैसे जीवन में, सफलता की कुंजी धैर्य और दृढ़ता है। अपने आत्मविश्वास पर विश्वास रखें, भले ही प्रतिकूल परिस्थितियां हों। खेल में सफलता केवल पूर्णता से नहीं, बल्कि निरंतरता और जुनून से आती है। कभी न रुकें सीखना, क्योंकि हर मैच आपको कुछ नया सिखाता है। विजय केवल अंतिम प्वाइंट जीतने के बारे में नहीं है, बल्कि हर प्वाइंट जो उसे जीतने से पहले आता है, उसके बारे में है। सर्वश्रेष्ठ मैच वे हैं जो आपको मजबूत बनाते हैं। अनुशासन वही है जो अच्छे और महान खिलाड़ियों में अंतर करता है। जब आप हार मानने का मन बनाएं, तो याद करें कि आपने शुरुआत क्यों की थी। निरंतरता हर महान खिलाड़ी की सफलता की नींव है। टेनिस केवल एक शारीरिक खेल नहीं है, यह मानसिक युद्ध है। खुद को धक्का देते रहें, क्योंकि केवल वही सीमाएं हैं जो आप खुद तय करते हैं। चाहे कितना भी कठिन हो, आपका दिल कभी हार मानने नहीं चाहिए। आपको हर चुनौती का सामना करने का साहस होना चाहिए, चाहे वह छोटी हो या बड़ी। परिणाम से ज्यादा प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करें। परिणाम खुद ही आ जाएंगे। अपना भविष्य बनाने का सबसे अच्छा तरीका है, एक मैच में एक बार इसे बनाना।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# गुरु ने ली शिष्य की अनोखी परीक्षा



भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परम्परा सदियों के चली आ रही है। इसके अन्तर्गत गुरु (शिक्षक) अपने शिष्य को शिक्षा देता है या कोई विद्या सिखाता है। बाद में वही शिष्य गुरु के रूप में दूसरों को शिक्षा देता है। यही क्रम चलता रहता है। यहां हम आपको श्री समर्थ रामदास स्वामी महाराज के प्रमुख शिष्य 'कल्याण स्वामी' की एक कथा बताने जा रहे हैं, जो गुरू भक्ति की मिसाल कायम करती है। एक समय की बात है, श्री समर्थ महाराज और उनका शिष्य परिवार कुछ दिनों के लिए एकत्रित हुआ। शिष्यों में परस्पर होड़ सी लग गई थी कि सद्गुरु की सबसे बढ़कर सेवा कौन करता है और सभी प्राय अपने को सर्वोपरि सेवक के रूप में परिचय देने के लिए लालायित थे। श्री सद्गुरु से भला यह बात कैसे छिपी रह सकती थी। इसलिए उन्होंने 'सच्ची कसौटी पर कौन शिष्य खरा उतरता है' इसकी परीक्षा के लिए एक लीला रची। एक दिन जब कि समस्त शिष्टमंडल उपस्थित था। वे जोर से कराहने लगे। मानो कहीं उनको बड़ी पीड़ा हो रही हो। समस्त शिष्य घबरा गए और सब ने समर्थ महाराज से इसका कारण पूछा? स्वामी जी ने कहा पुत्रों ! मेरी पिंडली में एक बड़ा भारी फोड़ा हो गया है और उसमें असह्य पीड़ा हो रही है। शिष्य मंडली में हलचल सी मच गयी। स्वामी जी ने कहा-'सुनो पुत्रों! यह मेरा फोडा साधारण नहीं है और यह तुम्हारे किसी भी बाहरी उपचार से ठीक नहीं हो सकेगा'।

शिष्य आग्रह पूर्वक बोले-'महाराज ! कुछ-न-कुछ उपचार तो अवश्य ही होना चाहिए।' स्वामी महाराज ने उत्तर दिया, हां वत्सो! इसके लिए एक ही उपचार हो सकता है और उससे तुरंत ही मेरी पीड़ा मिट जाएगी, परंतु वह दुः साध्य है। इतना कह कर वो चीख चीख कर पुनः कराहने लगे। यह देखकर शिष्य बोले-महाराज कैसा भी दुःसाध्य उपचार क्यों न हो, उसे करने में हमें अपने प्राणों की चिंता नहीं है, आप बताएं तो सही। स्वामी जी सब शिष्यो से यही तो कहलवाना चाहते थे। उनके इतना कहते ही स्वामी जी बोले -सुनो, इसका उपचार यह है कि कोई मनुष्य मेरे इस फोड़े को मुंह लगाकर चूस ले, बस मेरी वेदना तुरंत मिट जाएगी, परंतु वह चूसने वाला मर जाएगा। स्वामी जी की यह बात सुनते ही सब शिष्य एक-दूसरे की ओर ताकने लगे। कोई भी इस कार्य के लिए आगे नहीं बढ़ा। अंत में 'कल्याण' नामक शिष्य उठे और उन्होंने स्वामी जी से फोड़े पर बंधी पट्टी खोलने के लिए कहा। स्वामी जी ने कहा-पट्टी खोलने में मुझे असह्य वेदना होगी, इसलिए पट्टी नहीं खोलनी है। हां, पट्टी में से एक कोने पर फोड़े का काला सा मुह दिख रहा है, बस वहीं से चूसना आरंभ कर दो। 'कल्याण' ने सतगुरु चरण पर सिर रखा और फोड़े को मुंह में लेकर चूसने आरंभ कर दिया। फोड़े में से चार-छः घूंट लेने के बाद तो कल्याण ने अपना मुंह फोडे पर सारी शक्ति से लगा दिया और बड़े जोर से चूसना आरंभ किया। उसे बड़ा मधुर स्वाद मिल रहा था। स्वामी जी चिल्ला उठे-अरे कल्याण ! धीरे, अरे धीरे। पर कल्याण कब मानने वाले थे।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

शख्सियत
उषा मंगेशकर

# सुरों की अनमोल धरोहर



उषा मंगेशकर भारत की प्रसिद्ध गायिका हैं, जिनकी आवाज़ ने भारतीय संगीत को एक नई पहचान दी। उनका जन्म 15 दिसंबर 1935 को गोवा के एक मराठी परिवार में हुआ। वे मशहूर मंगेशकर परिवार से ताल्लुक रखती हैं और लता मंगेशकर, आशा भोंसले, मीना खाडिलकर और हृदयनाथ मंगेशकर की बहन हैं।

उषा मंगेशकर ने बहुत कम उम्र में गायन शुरू किया। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर शास्त्रीय गायक और रंगमंच कलाकार थे, जिनसे उन्हें संगीत का पहला ज्ञान मिला। उषा मंगेशकर ने अपनी बहन लता मंगेशकर और आशा भोंसले की छत्रछाया में संगीत के कई रंग सीखे और जल्द ही अपनी अलग पहचान बनाई। उषा मंगेशकर ने हिंदी, मराठी, गुजराती और अन्य भारतीय भाषाओं में कई यादगार गीत गाए। उनका सबसे प्रसिद्ध गाना ₹मंगलमूर्ति मोरया₹ (फिल्म असली-नकली) और 'मैं तो आरती उतारू रे साँवरे' (फिल्म जय संतोषी माँ) है। फिल्म जय संतोषी माँ का उनका भजन 'जय संतोषी माँ' उन्हें घर-घर में लोकप्रिय बना गया। उन्होंने पौराणिक फिल्मों और भजनों में विशेष योगदान दिया, जहां उनकी मधुर आवाज़ ने इन गीतों को अमर बना दिया। इसके अलावा, उषा मंगेशकर ने मराठी और गुजराती फिल्मों में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। उषा मंगेशकर को उनके संगीत के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनके गीतों ने न केवल उन्हें प्रसिद्धि दिलाई, बल्कि भारतीय संगीत की विरासत को भी समृद्ध किया। उषा मंगेशकर ने अपनी सादगी और संगीत के प्रति समर्पण से हमेशा दिल जीत लिया। उन्होंने लाइमलाइट से दूर रहकर, पूरी तन्मयता से संगीत में योगदान दिया।

उषा मंगेशकर का संगीत के प्रति समर्पण और उनकी मेहनत उन्हें भारतीय संगीत जगत की अमूल्य धरोहर बनाते हैं। उनके गीतों में भारतीय संस्कृति और परंपरा की गहराई झलकती है।

उषा मंगेशकर का नाम आज भी भारतीय संगीत प्रेमियों के दिलों में एक मधुर सुर की तरह बसा हुआ है। उनका जीवन और संगीत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

सक्सेस मंत्र

# भावनाओं को काबू कर लें सही फैसला

भावना में बहकर लिए गए फैसले बाद में परेशानी का सबब बनते हैं। कॅरियर हो या निजी जीवन में भावनाओं पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है। ज्यादा उत्तेजना या उदासीनता सफलता के रास्ते में रोड़ा साबित होते हैं। जब भी कोई अहम मौका या फैसला लेना हो तो ठंडे दिमाग से सारी स्थिति को समझना जरूरी होता है। मनोवैज्ञानिक अध्ययन दर्शाते हैं कि भावनाओं को तर्क से अलग नहीं किया जा सकता और इनको अलग कर दिखाने वाले परीक्षण और प्रयास पूरी तरह से नाकाम साबित हुए हैं। उदाहरण के लिए रिटेल सामान के लिए खरीददार तब ज्यादा पैसे का भुगतान करेगा जब उसका मूड खराब होगा (तब वह ज्यादा उत्तेजित होता है और वह सारा काम तुरंत निपटा देना चाहता है) या अच्छे मूड में होगा (जब वह अति आत्मविश्वास से भरा होता है और उदार भाव में होता है)। बोली लगाने वाले नीलामी के दौरान जोश में आकर सीमा लांघ जाते हैं और अगर सामने वाले को हराने की जिद पकड़ लेते हैं तो उस सामान की जरूरत से ज्यादा रकम चुका देते हैं। फोकस अनिवार्य रूप से एक ऐसे क्षेत्र में केंद्रित हो जाता है, जिसका किसी तरह का दस्तावेज तैयार करना बहुत ही मुश्किल है और इसे किसी नेतृत्व तैयार करने वाली कक्षा में पढ़ा पाना भी संभव नहीं है। इस क्षेत्र में मूड, व्यवहार, व्यक्तिगत तालमेल, समूह का व्यवहार, सामाजिक रूपरेखा और ऐसे ही अनेक कारक काम करते हैं। इन चीजों की समझ ही फैसले लेने में महत्वपूर्ण है और इससे जुड़े पाठों को काफी पहले से पढ़-समझ लेना चाहिए।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# पुष्कर है आस्था, संस्कृति और सुंदरता का संगम



पुष्कर, राजस्थान की गोद में बसा वह खूबसूरत शहर है, जहां प्रकृति, संस्कृति और आस्था का अनोखा संगम देखने को मिलता है। इसे तीर्थराज कहा जाता है, क्योंकि यहां की पवित्र झील और ब्रह्मा मंदिर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। अरावली की पहाड़ियों से घिरा यह स्थान न केवल धार्मिक महत्त्व रखता है, बल्कि अपनी अनूठी परंपराओं और विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले के लिए भी जाना जाता है। पुष्कर का जिक्र आते ही आंखों के सामने झील के शांत जल में तैरते दीप, मंदिरों की घंटियों की गूंज और राजस्थान की रंग-बिरंगी संस्कृति की झलक उभर आती है। यहां की हर गली, हर कोना एक कहानी कहता है, जो आपको अपने साथ बांध लेता है।

नीलम रामअवध

## पुष्कर झील का जादू

पुष्कर की सबसे बड़ी पहचान है यहां की पवित्र झील। ऐसा माना जाता है कि इस झील का निर्माण भगवान ब्रह्मा के कमल फूल की पंखुड़ियों से हुआ था। झील के चारों ओर 52 घाट हैं, जहां लोग स्नान कर अपने पापों से मुक्ति पाने की प्रार्थना करते हैं। खासकर कार्तिक पूर्णिमा के दौरान यहां स्नान करना बेहद शुभ माना जाता है। सुबह और शाम के समय झील पर होने वाली आरती का नजारा अविस्मरणीय होता है। दीपों की झिलमिल रोशनी, मंत्रोच्चार और घंटियों की आवाज के बीच झील का नजारा दिव्य लगता है। झील के किनारे बैठकर ध्यान करना या सूर्यास्त का नजारा देखना, आत्मा को सुकून देने वाला अनुभव है।

## ब्रह्मा मंदिर: एक अनोखा तीर्थस्थान

पुष्कर में स्थित ब्रह्मा मंदिर दुनिया में अपनी तरह का अकेला मंदिर है। यह मंदिर भगवान ब्रह्मा को समर्पित है, जो सृष्टि के रचयिता माने जाते हैं। मंदिर का निर्माण सफेद संगमरमर और पत्थरों से हुआ है, और इसकी वास्तुकला बेहद आकर्षक है। यहां पर हर साल हजारों श्रद्धालु आते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पूजा करते हैं। मंदिर के अंदर स्थित भगवान ब्रह्मा की मूर्ति और उनके साथ मां सरस्वती की प्रतिमा को देखकर श्रद्धालुओं का मन भावविभोर हो जाता है।

## पुष्कर मेला: संस्कृति और परंपरा का संगम

पुष्कर अपने सालाना मेले के लिए भी जाना जाता है, जो हर साल नवंबर के महीने में लगता है। यह मेला ऊंटों और पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन समय के साथ यह एक सांस्कृतिक उत्सव में बदल गया है। मेले में ऊंटों की दौड़, पारंपरिक राजस्थानी नृत्य, संगीत, और लोक गीतों का आयोजन होता है। इसके साथ ही यहां विभिन्न हस्तशिल्प की दुकानें, राजस्थानी कपड़े, गहने और सजावटी वस्तुएं खरीदने का मौका मिलता है। अगर आप राजस्थान की जीवंत संस्कृति को करीब से देखना चाहते हैं, तो पुष्कर मेला आपके लिए एक बेहतरीन अवसर है।



## पुष्कर के बाजार और खानपान

पुष्कर के बाजार यहां के प्रमुख आकर्षणों में से हैं। यहां आपको राजस्थानी परिधान, जूते, गहने और हैंडमेड सामान खरीदने का मौका मिलेगा। खासतौर पर गुलाब से बने उत्पाद, जैसे गुलाब जल और गुलकंद, यहां की पहचान हैं। खानपान के शौकीनों के लिए पुष्कर किसी स्वर्ग से कम नहीं। यहां की गली-गली में स्वादिष्ट राजस्थानी भोजन मिलता है। दाल-बाटी-चूरमा, मिर्ची बड़ा, घेवर और मालपुआ जैसे व्यंजन यहां के खास स्वादों में शामिल हैं।

## कैसे पहुंचे पुष्कर?

पुष्कर पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन अजमेर है, जो पुष्कर से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अजमेर से आप टैक्सी, ऑटो या बस के जरिए पुष्कर आसानी से पहुंच सकते हैं। जयपुर हवाई अड्डा यहां का निकटतम एयरपोर्ट है, जो करीब 150 किलोमीटर दूर है। पुष्कर यात्रा का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच होता है, जब यहां का मौसम सुहावना होता है।

## रहने की सुविधाएं और यात्रा सुझाव

पुष्कर में हर बजट के अनुसार ठहरने की सुविधा है। यहां आपको लग्जरी होटलों से लेकर सस्ते गेस्ट हाउस तक आसानी से मिल जाएंगे। अगर आप मेले के दौरान यहां जा रहे हैं, तो पहले से बुकिंग करवा लें।

- धार्मिक स्थल होने के कारण यहां मांसाहार और शराब वर्जित है।
- झील और मंदिरों की पवित्रता बनाए रखें।
- स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करें।

## पुष्कर: आत्मा को छूने वाली जगह

पुष्कर केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि यह आत्मा को शांति और सुकून देने वाली जगह है। यहां की झील, मंदिर, और सांस्कृतिक विरासत आपको ऐसा अनुभव देते हैं, जिसे आप लंबे समय तक भूल नहीं पाएंगे। अगर आप आध्यात्मिकता, संस्कृति और प्रकृति के बीच कुछ समय बिताना चाहते हैं, तो पुष्कर से बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती। पुष्कर की यात्रा न केवल आपकी थकान मिटाएगी, बल्कि आपको अपने अंदर झांकने और सुकून पाने का अवसर भी देगी।

# कैबेज थोरन- स्वादिष्ट केरल डिश

कैबेज थोरन केरल का एक पारंपरिक और हेल्दी साइड डिश है, जिसे पत्ता गोभी और नारियल से बनाया जाता है। यह रेसिपी बहुत ही सरल और पौष्टिक है। इसे आप चावल या रोटी के साथ परोस सकते हैं। आइए इसे बनाने का आसान तरीका जानते हैं।

## सामग्री:

- पत्ता गोभी (कटी हुई) : 2 कप
- नारियल (कद्दूकस किया हुआ) : कप
- हरी मिर्च (बारीक कटी हुई) : 2-3
- करी पत्ते : 8-10
- सरसों के दाने : 1 चम्मच
- हल्दी पाउडर : चम्मच
- जीरा : चम्मच
- लहसुन (कटा हुआ) : 2-3 कलियां
- तेल : 2 चम्मच
- नमक : स्वादानुसार



## बनाने की विधि:

**1. पत्ता गोभी तैयार करें :**

पत्ता गोभी को अच्छे से धोकर बारीक काट लें। इसे कुछ मिनट के लिए पानी में डालें और फिर निकालकर अलग रखें।

**2. नारियल मसाला बनाएं :**

मिक्सी में कद्दूकस किया हुआ नारियल, हरी मिर्च, लहसुन और जीरा डालकर हल्का दरदरा पेस्ट बना लें। ज्यादा बारीक न करें।

**3. तड़का लगाएं :**

एक कड़ाही में तेल गरम करें। उसमें सरसों के दाने डालें। जब सरसों चटकने लगे, तो करी पत्ते डालें और 10-15 सेकंड तक भूनें।

**4. पत्ता गोभी पकाएं :**

अब कटी हुई पत्ता गोभी डालें। इसमें हल्दी पाउडर और स्वादानुसार नमक मिलाएं। इसे धीमी आंच पर 5-7 मिनट तक ढककर पकाएं। बीच-बीच में चलाते रहें ताकि सब्जी जल न जाए।

**5. नारियल मसाला मिलाएं :**


जब पत्ता गोभी हल्की नरम हो जाए, तो उसमें नारियल का मसाला डालें और अच्छी तरह मिलाएं। 2-3 मिनट तक और पकाएं।

**6. परोसें :**

कैबेज थोरन तैयार है। इसे गर्मागर्म चावल या रोटी के साथ परोसें।

# बच्चों के सफेद बाल रोकने के लिए जरूरी पोषण और आहार

आजकल छोटे बच्चों में भी सफेद बाल दिखना एक आम समस्या बन गई है, जो हर माता-पिता के लिए चिंता का कारण है। इसका मुख्य कारण बच्चों के आहार में पोषक तत्वों की कमी हो सकता है। सही पोषण से न केवल इस समस्या को रोका जा सकता है, बल्कि बच्चों के बालों को मजबूत और स्वस्थ भी बनाया जा सकता है। बच्चों के बाल सफेद होने का असर उनके आत्मविश्वास पर भी पड़ सकता है, इसलिए समय रहते इस पर ध्यान देना जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे जरूरी पोषक तत्व और आहार बताएंगे, जो इस समस्या को रोक सकते हैं।



### अन्य सुझाव

- बच्चों को जंक फूड की जगह घर का बना संतुलित आहार दें।
- उन्हें तनाव मुक्त रखें और पर्याप्त नींद लेने दें।
- नियमित रूप से बालों में तेल मालिश करें।

बच्चों में सफेद बालों की समस्या को नजरअंदाज न करें। सही खानपान और पोषण के जरिए आप इस समस्या को आसानी से रोक सकते हैं। याद रखें, बच्चों का स्वास्थ्य उनके आहार से जुड़ा होता है।

## बच्चों के सफेद बाल: सही पोषण से पाएं समाधान

आजकल छोटे बच्चों में भी सफेद बाल दिखना आम समस्या बन गई है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे पोषण की कमी, तनाव, गलत खानपान, या फिर जेनेटिक कारण। हालांकि, इसे सही खानपान और पोषण से काफी हद तक रोका जा सकता है। आइए जानते हैं कि बच्चों के सफेद बालों को रोकने के लिए उन्हें कौन-कौन से पोषक तत्वों से भरपूर चीजें खिलानी चाहिए।

### 1. आयरन युक्त आहार

आयरन की कमी से बालों की जड़ें कमजोर हो सकती हैं, जिससे बाल सफेद होने लगते हैं। बच्चों को पालक, मेथी, चुकंदर, और हरी पत्तेदार सब्जियां जरूर खिलाएं। इसके अलावा, गुड़ और किशमिश भी आयरन के अच्छे स्रोत हैं, जिन्हें बच्चों की डाइट में शामिल किया जा सकता है।

### 2. विटामिन बी12 से भरपूर चीजें

विटामिन बी12 बालों के लिए बेहद जरूरी है। इसकी कमी से बच्चों के बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। बच्चों को दूध, पनीर, दही, अंडा और मछली जैसे खाद्य पदार्थ खिलाएं, जो विटामिन बी12 से भरपूर होते हैं। शाकाहारी बच्चों के लिए सोया मिल्क और फोर्टिफाइड सीरियल्स अच्छे विकल्प हैं।

### 3. प्रोटीन और बायोटिन का सेवन बढ़ाएं

बालों की ग्रोथ और रंगत बनाए रखने में प्रोटीन और बायोटिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों को दालें, नट्स (जैसे बादाम और अखरोट), मूंगफली, और अंडे खिलाएं। बायोटिन के लिए गाजर, शकरकंद और केला अच्छा विकल्प हैं।



### 4. विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स

विटामिन ई बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है और स्कैल्प को स्वस्थ रखता है। बच्चों को अखरोट, बादाम, सूरजमुखी के बीज, और एवोकाडो खिलाएं। साथ ही, रंगीन फल और सब्जियां जैसे गाजर, पपीता, और टमाटर, एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो बालों को सफेद होने से बचाते हैं।

### 5. जिंक और सेलेनियम का सेवन

जिंक और सेलेनियम बालों के प्राकृतिक रंग को बनाए रखने में मदद करते हैं। इनके लिए बच्चों को कद्दू के बीज, मछली, और साबुत अनाज खिलाना फायदेमंद रहेगा।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** धनार्जन होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी।

**वृष:** संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

**कर्क:** भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। फालतू खर्च होगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएंगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें।

**सिंह:** प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा।

**कन्या:** मान बढ़ेगा। मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**तुला:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**वृश्चिक:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी।

**धनु:** उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें।

**मकर:** धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे।

**कुंभ:** समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

# कुंडली में व्यापार या नौकरी को दशम भाव से देखा जाता है।




दशम भावस्थ नवग्रह फल-


**सूर्य :** दशम भाव में स्थित मेष, कर्क, सिंह या धनु राशि का सूर्य सैन्य या पुलिस अधिकारी बनाता है जबकि वृश्चिक राशि का सूर्य चिकित्सा अधिकारी बनाता है।

चंद्र- इस भाव में यदि शुभ चंद्र बली होकर बैठा है तो जातक को दैनिक उपयोग में आनेवाली वस्तुओं का व्यापार करना चाहिए उससे वह लाभ प्राप्त करेगा। लेकिन यदि मंगल या शनि की युति हो तो असफलता मिलेगी।

**मंगल:** मेष, सिंह, वृश्चिक या धनु राशि का मंगल जातक को चिकित्सक और सर्जन बनाता है लेकिन यदि मंगल का सूर्य से संबंध हो तो व्यक्ति सुनार या लोहार का कार्य करेगा।

**बुध:** लग्नेश, द्वितीयेश, पंचमेश, नवमेश या दशमेश होकर कन्या या सिंह राशि का बुध गुरु से दृष्ट या युत हो तो व्यक्ति शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी सफलता अर्जित करता है। वह प्रोफेसर या लेक्चरर बन सकता है। हालांकि बुध के प्रभाव से जातक बैंककर्मी या बैंक से संबंधित कार्य भी कर सकता है। लेकिन यदि बुध शुक्र के साथ या शुक्र की राशि में हो तो जातक फिल्म या विज्ञापन से संबंधित व्यवसाय करता है।

**बृहस्पति:** बृहस्पति का संबंध नवम भाव से है। लेकिन यदि वह दशम भाव में स्थित है तो वह नीच का माना जाता है। लेकिन बृहस्पति का संबंध जब नवमेश से हो तो व्यक्ति धार्मिक कार्यों द्वारा धन अर्जित करता है। बृहस्पति यदि बलवान और राजयोगकारक हो तो जातक को न्यायाधीश बना देता है।



प्रियंका जैन
9769994439

लेकिन बृहस्पति मंगल के प्रभाव में हो तो जातक फौजदारी वकील बनता है।

**शुक्र:** दशम भाव में स्थित शुक्र जातक को सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, फैंसी वस्तुओं आदि का निर्माता या विक्रेता बनाता है। शुक्र का संबंध द्वितीयेश, पंचमेश या बुध से हो तो जातक गायन और वादन के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है।

**शनि:** यदि दशम भाव में बलवान शनि का मंगल से संबंध हो तो जातक इलेक्ट्रॉनिक फिल्म में कार्य करता है। यदि बुध से संबंध हो तो मैकेनिकल इंजीनियर बनता है। शनि का संबंध यदि चतुर्थ भाव या चतुर्थेश से हो तो जातक तेल, कोयला, लोहा आदि के व्यापार से धन अर्जित करता है। लेकिन यदि शनि का राहु से संबंध हो तो व्यक्ति चमड़े, रैक्जीन, रबर आदि के व्यापार में सफल होता है।

**राहु:** राहु यदि मिथुन राशि का होकर दशम भाव में स्थित हो तो जातक राजनीति, सेना, पुलिस या रेलवे के क्षेत्र में कार्य करता है।

**केतु:** दशम भाव का केतु धनु या मीन में हो तो जातक व्यापार में सफलता प्राप्त कर खूब वैभव, धन और यश कमाता है, बशर्ते कि उसके शत्रु ग्रह उसके साथ न हो या वह शत्रु ग्रहों से दृष्ट न हो।

खबर संक्षेप

## डॉक्टरों की स्टूल और फायर सिलेंडर से पिटाई

**भागलपुर।** भागलपुर के मायागंज स्थित JLNMCH अस्पताल में शुक्रवार की देर रात को बवाल मचा रहा। सड़क हादसे में जख्मी दो लोगों को अस्पताल लाया गया था जिसमें एक व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के परिजनें ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टरों पर आरोप लगाते हुए उनके साथ मारपीट की। इस मारपीट में एक डॉक्टर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर कई थानों की टीम अस्पताल पहुंच गयी। मायागंज अस्पताल पुलिस छावनी में बदल गया। सिटी डीएसपी और एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। पुलिस इस मारपीट मामले की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे अकबरनगर-शाहकुंड के बीच बाइक का नियंत्रण बिगड़ने से मकंदपुर रन्नुचक निवासी टुनटुन साह अपने दामाद कन्हैया साह के साथ सड़क हादसे में घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने पहले उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों की स्थिति गंभीर बता चिकित्सकों ने उन्हें मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से एंबुलेंस से उन्हें मायागंज अस्पताल पहुंचाया गया। उस वक्त कुल तीन लोग थे। चिकित्सकों ने टुनटुन साह को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## चलते-चलते अचानक दो हिस्सों में बंटी ट्रेन

**मुंगेर।** बिहार में शनिवार को एक और रेल हादसा हो गया है। हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया है। बिहार के मुंगेर में कोयला लोड मालगाड़ी अचानक चलते-चलते दो हिस्सों में बंट गई। घटना मुंगेर के खड़िया पिपरा हॉल्ट के नजदीक हुआ है। बताया जा रहा है कि अचानक से मालगाड़ी की कपलिंग टूट गई, जिससे गाड़ी चलते-चलते दो हिस्सों में बंट गई। जानकारी के अनुसार, जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के अप लाइन पर एक मालगाड़ी पर कोयला लोड था, जो जमालपुर की तरफ जा रही थी। सुबह करीब 9 बजे यह हादसा हुआ है। मालगाड़ी हादसे के कारण जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर करीब दो घंटे तक परिचालन बाधित रहा। इससे कई ट्रेनों के परिचालन पर भी असर पड़ा। बताया जा रहा है कि जब तक मालगाड़ी के चालक को ट्रेन हादसे के बारे में भनक लगती तब तक मालगाड़ी कल्याणपुर स्टेशन के नजदीक पहुंच चुकी थी।

# चोरों ने पुलिस को भी नहीं छोड़ा

## एसपी ऑफिस में तैनात कर्मी के घर लाखों की चोरी

एजेंसी । नई दिल्ली

आजमगढ़ के एसपी कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात शहर कोतवाली के रैदोपुर निवासी महिला पुलिसकर्मी के घर में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। परिवार को इसकी जानकारी शुक्रवार की दोपहर रिश्तेदार के यहां से लौटने पर हुई। मौके पर शहर कोतवाली पुलिस, फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम पहुंचकर जांच-पड़ताल की लेकिन कुछ ठोस सुराग हाथ नहीं लग सके।

### 15 दिन पूर्व ही सिधारी से शिफ्ट हुई



फतेहपुर जनपद निवासी गगन जोशी की पत्नी अंशु गुप्ता आजमगढ़ में एसपी कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात हैं। वह शहर कोतवाली के रैदोपुर मोहल्ला निवासी विजय कुमार के मकान में किराए कमरा पर लिया था। 15 दिन पूर्व ही वह सिधारी से यहां शिफ्ट हुई थीं।



"चोरी की जानकारी मिली है। मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।"

- शैलेंद्र लाल, एसपी सिटी आजमगढ़

### रिश्तेदार के यहां गईं थीं अंशु

अंशु गुप्ता तीन दिन की छुट्टी लेकर अपने पति गगन के साथ नौ दिसंबर को प्रयागराज में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के यहां गईं थीं। शुक्रवार की दोपहर वह अपने पति के साथ घर पहुंची। घर के मुख्य द्वार पर लगे चैनल गेट का ताला खोला और अंदर गईं तो कमरे की आलमारी का लॉक टूटा हुआ था। सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी में रखे करीब ढाई लाख के जेवरात, जरूरी अभिलेख और ब्लैंकेट चोरी हो गए थे। अंशु ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर शहर कोतवाली पुलिस, फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम पहुंच गई। टीम ने घर का कोना-कोना चेक किया। पुलिस घटना को देख दंग रही कि चोर घर का ताला तोड़े बिना घर में घुसे और घर को साफ कर चले गए।

### सूंघने में नाकाम रही खोजी कुतिया

अपराध की रोकथाम में राज्य पुलिस के लिए खोजी कुत्तों की अहम भूमिका है। यही कारण है कि पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अपने बेड़े में खोजी कुत्तों (ट्रैकिंग डॉग) को रखा है, लेकिन वह भी कहीं-कहीं नाकाम भी हो जाते हैं। इसकी बानगी शुक्रवार को रैदोपुर में देखने को मिली। चोरी की घटना की सूचना के बाद डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची। खोजी कुतिया पहले घटना स्थल पर पहुंच कर सूंघ कर आगे बढ़ी। वह गली में कुछ दूर तक तो गई लेकिन बाद में भटक गई। इसके कारण पुलिस को कुछ ठोस सुराग हाथ नहीं लगा।

इंजीनियर अतुल सुभाष खुदखुशी प्रकरण

# निकिता समेत चार ने हाईकोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी



**जौनपुर।** बंगलूरू में इंजीनियर अतुल सुभाष ने खुदखुशी कर ली और सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हुई। इस मामले के सामने आने के बाद अब आरोपी ससुराल वालों को गिरफ्तारी का डर सता रहा है। घटना के सामने आने के बाद रात के अंधेरे में फरार होते आरोपियों ने 12 दिंसबर को हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई है।

### बंगलुरू पुलिस जौनपुर पहुंची

बताते चलें कि मृतक के भाई विकास ने 9 दिसंबर को बंगलुरु के मराठाहल्ली थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में वांछित मृतक की पत्नी निकिता व उसके परिवार के लोगों को थाने में हाजिर होने के लिए नोटिस दिया। बृहस्पतिवार को बंगलुरु पुलिस जौनपुर पहुंची। संभवतः इस बात कि जानकारी निकिता व उसके परिवार को थी। इसे देखते हुए उसी दिन परिवार वालों ने वकील अजय सिंह के माध्यम से हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दी है। उसके छोटे भाई विकास द्वारा उसकी भाभी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग सिंघानिया व निकिता के ताऊ सुशील सिंघानिया के ऊपर बंगलुरु में मुकदमा दर्ज कराया है।

### सोमवार को फैसला

घटना के सामने आने के बाद ससुराल वाले फरार हैं और बंगलूरू पुलिस जौनपुर में साक्ष्य संकलन कर रही है। इन सबके बीच 12 दिसंबर को हाईकोर्ट में जमानत के लिए पत्नी निकिता सहित चार अन्य की ओर अर्जी डाली गई है। जानकारी के अनुसार इस अर्जी पर सोमवार को कोई फैसला आ सकता है।

# भाकियू जनशक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष पर वसूली और धोखाधड़ी का केस

### एसपी ने की कार्रवाई

एजेंसी । सोनभद्र

सोनभद्र के घोरावल क्षेत्र के एक किसान को एंटी करप्शन ब्यूरो ऑफ इंडिया का फर्जी नोटिस थमाने के मामले में पुलिस ने भाकियू जनशक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर हुई है। किसानों की शिकायत पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने भी क्षेत्रीय निरीक्षक को जांच सौंपी है। देवरीकाठ निवासी रामकेश पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिछले माह घोरावल कस्बा निवासी देवेंद्र सिंह उसके घर आए और एक नोटिस थमाया। एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से जारी इस नोटिस में बताया गया है कि धान खरीद 2023-24 में हुई जालसाजी में आपकी जमीन का विवरण पाया गया है। इसमें क्रय केंद्र घोरावल प्रथम पिपरवार को दिखाया गया है। आरोपी ने परेशान न होने का हवाला देते हुए अपना नंबर देकर संपर्क करने के लिए कहा। बताया कि मामला मैनेज करा देंगे। जो पैसा लगेगा आपको देना होगा, वरना 15 दिन के बाद आपको जेल जाना हो सकता है। तब से किसान व उसका परिवार भयभीत है।

### आर्थिक शोषण का लगाया आरोप




इस मामले में पुलिस ने आरोपी देवेंद्र सिंह के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। उधर, घोरावल क्षेत्र के रहने वाले तीन अन्य किसानों ने भी जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित चौधरी को भी प्रार्थना पत्र देकर देवेंद्र सिंह पर एंटी करप्शन ब्यूरो का नोटिस देकर आर्थिक शोषण का आरोप लगाया है।

शिकायत पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित चौधरी ने क्षेत्रीय विपणन अधिकारी घोरावल को जांच कर रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया है। वहीं भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह मावी ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन ब्यूरो इंडिया नाम की संस्था से मेरा कोई संबंध नहीं है। मैं किसी किसान के यहां इस तरह की नोटिस लेकर नहीं गया। मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाए गए हैं, वह गलत और बेबुनियाद है। यह मामला मेरी छवि खराब करने के लिए मेरे खिलाफ एक साजिश है।

# सुबह-सुबह डेटोनेटर ब्लास्ट, 2 जवान घायल

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के लटकटो-2 पिकेट में शनिवार को में सुबह-सुबह डेटोनेटर ब्लास्ट हो गया। इसमें 2 जवान घायल हो गए। घटना मधुबन थाना क्षेत्र में हुई। घायल दोनों जवान झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप) में पोस्टेड हैं।

घायल सिपाहियों को आनन-फानन में धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएस) पहुंचाया गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। जैप-5 के हवलदार अशोक कुमार और सिपाही गौतम कुमार डेटोनेटर ब्लास्ट की चपेट में आ गए।

### दो जवान घायल



जैप के ये जवान डेटोनेटर जमा कराने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एक डेटोनेटर में ब्लास्ट हो गया। इसमें हवलदार अशोक कुमार का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। गौतम के हाथ की उंगली उड़ गयी। अशोक कुमार (हवलदार) बिहार के लखीसराय जिले के रहने वाले हैं।

# बड़े भाई ने घर में लगी दी आग, 5 झुलसे



**गोरखपुर।** गोरखपुर के चिलुआताल थानाक्षेत्र में एक हैरत करने वाला मामला सामने आया है। इलाके में बेखौफ बड़े भाई ने घर के दो रहे दो छोटे भाइयों और उनके परिवार के सदस्यों की जान लेने की योजना बना दी। घर के अंदर सो रहे भाइयों और परिवार के सदस्यों को बाहर से ताला लगा दिया। बाहर से आग लगा दी। इस दौरान अंदर रह रहे पांच लोग झुलस गए। बताया जा रहा है कि आग लगने पर धुंआ निकलता देख लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों और पत्नियों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां उपचार चल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

# बिहार पुलिस में 25,000 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू

**पटना।** बिहार पुलिस और गृह विभाग के तहत 25,000 से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित बैठक में यह तय किया गया कि ये भर्ती प्रक्रिया विभिन्न विभागों में की जाएगी, जिसमें 30,000 रिक्त पदों में से 25,000 पदों पर सीधी नियुक्ति की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा करेंगे, जिसमें पदों की संख्या और भर्ती प्रक्रिया की चर्चा की जाएगी। गृह विभाग ने इस बैठक के लिए रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें सभी रिक्त पदों और उनकी भर्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई है।

### 21,000 सिपाही पदों की भर्ती के अलावा अन्य भर्ती



बिहार पुलिस में 21,000 से ज्यादा सिपाही पदों की भर्ती प्रक्रिया पहले से चल रही है। इसमें लिखित परीक्षा आयोजित की जा चुकी है और अब शारीरिक परीक्षा की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद 1,806 अवर निरीक्षक (योग्यता आधारित) के पदों की भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग को इस प्रक्रिया को लेकर ताजा जानकारी दी है।




# बिहार में उद्योग लगाने के 3,800 से अधिक प्रस्ताव मिले: मुख्य सचिव

**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि 2016 में प्रगतिशील औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति लागू होने के बाद से राज्य में कारखाने लगाने के लिए 3,800 से अधिक प्रस्ताव मिले हैं। बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2016 निवेशकों को कई तरह के प्रोत्साहन देती है। इसमें ब्याज सब्सिडी से लेकर राज्य जीएसटी की प्रतिपूर्ति, स्टांप ड्यूटी माफी, निर्यात सब्सिडी और परिवहन, बिजली तथा भूमि शुल्क में रियायतें शामिल हैं। राज्य ने निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड भी बनाया।



### उद्योग लगाने के लिए माकूल माहौल

अमृत लाल मीणा के मुताबिक ये उद्योग मुख्य रूप से खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, आईटी और सीमेंट क्षेत्रों से हैं। राज्य ने उद्योग स्थापित करने के लिए 3,000 एकड़ से अधिक का भूमि बैंक बनाया है। अब विभिन्न क्षेत्र बिहार में रुचि दिखा रहे हैं और बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जो उद्योगपतियों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए राज्य की सर्वोच्च संस्था है।

### निवेश प्रोत्साहन नीति 2016 से फायदा

'2016 से अब तक पिछले नौ वर्षों में प्रोत्साहन नीति के कारण उद्योग से भारी प्रतिक्रिया मिली है। इसके बाद सरकार ने क्षेत्रवार नीतियों को मंजूरी दी है। इसलिए, विभिन्न क्षेत्रों से राज्य औद्योगिक प्रोत्साहन बोर्ड को विचार के लिए 3,800 से अधिक प्रस्ताव मिले हैं और 3,100 प्रस्तावों को प्रथम चरण की मंजूरी दी गई है।' उन्होंने कहा, '780 से अधिक उद्योग चालू हो चुके हैं, जो लगभग 34,000 लोगों को रोजगार दे रहे हैं।

### सीएम नीतीश खुद दिखाते हैं इंट्रेस्ट

उन्होंने कहा कि बिहार न केवल स्वीकृति के समय बल्कि प्रोत्साहनों के वितरण में भी एकल खिड़की मंजूरी देता है। साथ ही, राज्य के मुख्यमंत्री नियमित रूप से उद्योगपतियों से उनकी कठिनाइयों को सुलझाने के लिए मिलते हैं। मीणा ने कहा, 'हमारी नीति ब्याज सब्सिडी, कर प्रोत्साहन, स्टांप शुल्क छूट और विभिन्न प्रकार के समर्थन सहित प्रमुख प्रोत्साहन देती है। हमारे पास एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली है, जिसके तहत व्यापार करने में आसानी के सिद्धांतों का पालन करते हुए बहुत तेजी से मंजूरी दी जाती है।'

## प्रमुख ई-कॉमर्स मंच उपभोक्ताओं के लिए 24 दिसंबर को लेंगे सुरक्षा प्रतिज्ञा



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खरीदारों के लिए उत्पाद सुरक्षा बढ़ाने के पहल के तहत प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सुरक्षा प्रतिज्ञा लेंगीं। इसका उद्देश्य डिजिटल मार्केट प्लेस (बाजार) पर असुरक्षित और नकली उत्पादों की बिक्री का पता लगाना और रोकना है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एजियो, जिओमार्ट, नेटमेड, बिग बास्केट, टाटा क्लिक, टाटा 1एमजी, जोमैटो और ओला 24 दिसंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सुरक्षा प्रतिज्ञा लेंगे। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उपभोक्ता मामले के विभाग ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए सुरक्षा प्रतिज्ञा की घोषणा की है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के घोषित स्वैच्छिक प्रतिबद्धता का उद्देश्य डिजिटल मार्केटप्लेस (बाजार) पर असुरक्षित और नकली उत्पादों की बिक्री का पता लगाना और रोकना है।

# रिलायंस ने NMIIA में 74% हिस्सेदारी खरीदी

### 1,628 करोड़ रुपए में हुई डील, ये सहायक कंपनी की तरह काम करेगी

एजेंसी । नई दिल्ली

मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नवी मुंबई आईआईए प्राइवेट लिमिटेड (NMIIA) में 74% हिस्सेदारी खरीदी है। इसके लिए रिलायंस ने 1,628 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह कंपनी NMIIA महाराष्ट्र में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एरिया (IIA) डेवलप करने का काम करती है। इस डील के बाद NMIIA रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी बन गई है। रिलायंस ने NMIIA के 57,12,39,588 शेयर 28.50 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से खरीदे हैं। NMIIA की बाकि 26% की हिस्सेदारी सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड (CIDCO) के पास है। बता दें NMIIA को महाराष्ट्र सरकार ने IIA के विकास के लिए 'स्पेशल प्लानिंग अथॉरिटी' नियुक्त किया है। यह अथॉरिटी शहर की योजना और विकास का काम देखेगी।

### 2004 में हुई थी NMIIA की शुरुआत




NMIIA की शुरुआत 15 जून, 2004 को हुई थी। महाराष्ट्र क्षेत्रीय और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 के तहत "विशेष योजना प्राधिकरण" के रूप में मान्यता प्राप्त, NMIIA ने 34.89 करोड़ रुपए (FY24), 32.89 करोड़ रुपए (FY23) और 34.74 करोड़ रुपए (FY22) का कारोबार हासिल किया है।

# देश के करोड़ों किसानों को राहत

## आरबीआई ने बगैर गारंटी वाले लोन की लिमिट बढ़ाई

**मुंबई।** देश के करोड़ों किसानों के लिए गुड न्यूज है। आरबीआई ने किसानों को नए साल का तोहफा दिया है। अब किसान बिना गारंटी के अधिक रकम का लोन ले सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक जनवरी, 2025 से किसानों के लिए बिना गारंटी के कर्ज की सीमा 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी है। यह कदम खेती की बढ़ती लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों की सहायता करने के लिए उठाया गया है। नए निर्देश में देशभर के बैंकों से




प्रत्येक उधारकर्ता के लिए दो लाख रुपये तक के कृषि और संबद्ध गतिविधि ऋण के लिए जमानत और मार्जिन आवश्यकताओं को माफ करने को कहा गया है।

# डाक सेवा ही जन सेवा है, विभाग जल्द ही हो जाएगा डिजिटल: सिंधिया

**नई दिल्ली।** शनिवार को पोस्ट ऑफिस विभाग से जुड़े एक कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही पोस्ट विभाग को भी डिजिटल कर दिया जाएगा। साथ ही इस विभाग को डिजिटल करने के लिए पुनर्गठन की प्रोसेस जारी है। इतना ही नहीं सिंधिया ने ये भी कहा है कि ये सिर्फ डाक सेवा नहीं जन सेवा भी है। भारतीय डाक एवं दूरसंचार लेखा और वित्त सेवा के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह बदलाव ई-कॉमर्स बढ़त के संदर्भ में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जिससे विभाग इस उभरते हुए व्यवसाय के क्षेत्र में लीडर बनने की स्थिति में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि हमारा विभाग डिजिटल होने जा रहा है। हमारा विभाग व्यवसाय प्रक्रिया पुनर्गठन से गुजर रहा है, जहां हम आने वाले दिनों में खुद को एक लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन में बदल देंगे, जहां हमें ई-कॉमर्स के मामले में बढ़ते नए व्यवसाय के साथ दुनिया में लीडिंग बनना होगा।



### 'डाक सेवा एक जन सेवा'

उन्होंने कहा कि डाक विभाग आज दुनिया भर में सबसे बड़ा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क है, जिसके 1,64,000 पोस्ट ऑफिस हैं। सिंधिया ने कहा है कि हम आम आदमी की सेवा करते हैं, न केवल डाक भवन में बैठे अधिकारी, बल्कि मेरे ग्रामीण डाक सेवक, जो मैदान में घर-घर जाते हैं, वे नारे के प्रतीक हैं – डाक सेवा एक जन सेवा है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन भारत के डिजिटल डिवीजन को कम करने के लिए और सभी नागरिकों के लिए सूचना तक पहुंच बढ़ाने के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप है।

IND-AUS तीसरा टेस्ट

## आखिरी 2 सेशन में एक भी बॉल नहीं फेंकी गई

# पहले दिन का खेल बारिश में धुला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ब्रिस्बेन। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया है। शनिवार को ब्रिस्बेन में रुक-रुककर बारिश होती रही। दिन के आखिरी दो सेशन में एक भी बॉल नहीं डाली जा सकी। बारिश शुरू होने पहले ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे। नाथन मैक्स्वीनी और उस्मान ख्वाजा नाबाद लौटे थे। द गाबा स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। रविवार को दूसरे दिन का खेल आधे घंटे पहले सुबह 5:20 बजे शुरू होगा। 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला मैच भारत ने 295 रन और दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था।



### 7 टेस्ट में से 6 में पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीत दर्ज की

बादलों से घिरे आसमान और ग्रीन टॉप विकेट ने रोहित शर्मा को लगातार तीसरा टॉस जीतने के बाद गेंदबाजी चुनने के लिए प्रेरित किया और शायद यहां के हालिया रिकॉर्ड ने भी इस फैसले को प्रभावित किया क्योंकि इस मैदान पर पिछले 7 टेस्ट में से 6 में पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीत दर्ज की है। हालाँकि, भारतीय तेज गेंदबाजों को इस विकेट पर किस लेंथ से गेंदबाजी करनी है, उसे समझने में थोड़ा समय लगा और पहले 5.3 ओवरों में सलामी बल्लेबाज़ों को ज़्यादा परेशानी नहीं हुई, लेकिन बूंदाबांदी के कारण खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा, उस्मान ख्वाजा ने 22 गेंदों पर 13 रन बनाकर किसी भी छोटी या सीधी गेंद को आसानी से खेल दिया। आधे घंटे के व्यवधान के बाद खेल फिर से शुरू हुआ और भारतीय गेंदबाज़ों ने ज़्यादा सवाल पूछने शुरू कर दिए, अपनी लेंथ को और ज़्यादा फुलर किया और ज़्यादा मूवमेंट पाया। हर्षित राणा की जगह टीम में आए आकाश दीप पहले बदलाव के तौर पर ख़ास तौर पर प्रभावशाली दिखे, उन्होंने गेंद को दाएं हाथ के नाथन मैकस्वीनी की तरफ़ घुमाया। लेकिन जैसे ही भारतीय तेज गेंदबाजों ने लय हासिल करना शुरू किया, दोबारा बारिश शुरू हो गई। भारत ने ब्रेक के बाद 7.5 ओवर में सिर्फ 9 रन दिए थे। इस बार आसमान से बूंदे ज्यादा तेजी से बरस रहीं थीं। वैसे, गाबा में पानी निकासी की शानदार व्यवस्था और आउटफील्ड तेजी से सूखती है लेकिन ऐसा होने का इंतजार लंबा खिंचता चला गया और लंच के बाद टीब्रेक भी इसकी भेंट चढ़ गया। दोपहर 3 बजे बारिश रूकी लेकिन थोड़ी देर की राहत के बाद दोबारा पानी बरसने लगा और 4.15 बजे अंपायरों ने दिन का खेल समाप्त करने का निर्णय कर लिया।

### सुबह 5.20 बजे शुरू हो जाएगा दूसरे दिन का खेल



भारतीय समय के मुताबिक, गाबा टेस्ट में दूसरे दिन का खेल सुबह 5.20 बजे शुरू हो जाएगा। हालांकि, इसमें भी अगर-मगर का फेर है। क्योंकि स्थानीय मौसम विभाग की रिपोर्ट बहुत अच्छी नहीं है। रविवार को भी ब्रिसबेन में बारिश की आशंका जताई गई है। अब देखना होगा कि दूसरे दिन गाबा में बादल कितने बरसते हैं। अगर गाबा टेस्ट के दूसरे दिन मौसम ने मेहरबानी दिखाई तो फैंस की बल्ले-बल्ले हो जाएगी क्योंकि तब 98 ओवर का खेल होगा।

# भारतीय महिला टीम के सामने वेस्टइंडीज की चुनौती

- 21 वनडे दोनों टीमों ने अब तक आपस में खेले
- 13 में भारत जीता, आठ में विंडीज को जीत मिली




**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

लगातार आलोचना का सामना कर रही हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे हारने के बाद अब रविवार से वेस्टइंडीज की चुनौती का सामना करना होगा। हालांकि मेजबान टीम के लिए तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना आसान नहीं होगा। टी-20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारत की यह पहली सीरीज है।

भारत ने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे सीरीज में हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया में 3-0 से पराजय का सामना करना पड़ा। हालांकि आंकड़ों के आधार पर भारत का पलड़ा भारी है। उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 2019 से अब तक सभी आठ मैच जीते हैं लेकिन इस लय को बनाए रखने के लिए भारतीय टीम को आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा। ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज मे कई विवादित फैसलों से हरमनप्रीत पर सवाल उठे हैं। देखना यह है कि कब तक चयनकर्ता उन पर भरोसा बनाए रखते हैं।

### कप्तान की खराब फॉर्म

हरमनप्रीत का अपना बल्लेबाजी फॉर्म चिंता का सबब है और कप्तानी में कुछ नया नहीं कर पाने से भी टीम की मुश्किलें बढ़ी हैं। चयनकर्ताओं ने फिर शेफाली वर्मा को जगह नहीं दी है हालांकि भारत में टी-20 में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में बुधवार को आखिरी वनडे हारकर लौटी भारतीय टीम को पूरा आराम नहीं मिला है। तीनों मैच एक-एक दिन के अंतराल पर होंगे जिसमें टीम की फिटनेस और मनोबल की कड़ी परीक्षा होगी। भारतीय टीम पूजा वस्त्राकर, श्रेयांका पाटिल, यास्तिका भाटिया, प्रिया पूनिया और शेफाली के बिना खेल रही है। इस प्रारूप में 2024 में सर्वाधिक 531 रन बनाने वाली शेफाली के नहीं चुने जाने से रिचा घोष पर दबाव बढ़ेगा जो निचले क्रम पर तेजी से रन बनाती हैं। पूनिया के भी चोट के कारण बाहर होने से घोष को पारी का आगाज करना होगा।

## मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

- टी20 विश्व कप में लिया था हिस्सा




**एजेंसी । कराची**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान कर दिया। यह दूसरी बार है जब आमिर ने यह निर्णय लिया है। आमिर ने इस साल मार्च में संन्यास से वापसी की थी और तीन साल आठ महीने के अंतराल के बाद न्यूजीलैंड सीरीज से उन्हें टीम में शामिल होने का मौका दिया गया था। आमिर इस साल हुए टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम का हिस्सा थे। आमिर ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप के चार मैचों में सात विकेट झटके थे। हालांकि, पाकिस्तान का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया था। आमिर जून के बाद पाकिस्तान के लिए नहीं खेल सके और उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये संन्यास लेने की घोषणा की। इस तेज गेंदबाज ने स्वीकार किया कि उनके लिए यह फैसला लेना आसान नहीं था, लेकिन उन्हें लगता है कि यह अगली पीढ़ी को मौका देने का सही समय है। आमिर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये कहा, काफी विचार के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन फैसला लिया है। ये निर्णय कभी भी आसान नहीं बल्कि अपरिहार्य होते हैं। मुझे लगता है कि यह सही समय है कि अगली पीढ़ी जिम्मेदारी संभाले और पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाए। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। मैं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, अपने परिवार और प्रशंसकों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने लगातार मुझे प्यार दिया और मेरा समर्थन किया।

## चोपड़ा की टी-शर्ट विश्व एथलेटिक्स के विरासत संग्रह में

**एजेंसी । मोनाको**

स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उन 23 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया है। यह वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) के ऑनलाइन थ्री डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित हैं। टोक्यो ओलंपिक 2021 में एथलेटिक्स में भारत के पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बने चोपड़ा ने इस साल पेरिस खेलों में पहनी गई प्रतियोगिता की टी-शर्ट दान कर दी है। चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97 मीटर) के पीछे दूसरा स्थान हासिल किया था। चोपड़ा के अलावा यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख (विश्व एथलेटिक्स की महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर) और उनकी साथी पेरिस ओलंपिक पदक विजेता थिया लाफॉन्ड उन एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विरासत संग्रह में शामिल किया गया है। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने एथलीटों की उनके प्रतियोगिता गियर और पदक दान करने के लिए सराहना की।



## नौकायन में रूस चैंपियन, भारत तीसरे स्थान पर

**एजेंसी । कन्नूर**

रूस ने यहां भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) एझिमाला में संपन्न हुए 'एडमिरल कप सेलिंग (नौकायन) रेगाटा (लंबी दूरी की रेस) के 13वें सत्र का खिताब जीत लिया। 9 से 13 दिसंबर तक मुश्किल मौसम में आयोजित रेस में 25 देशों की 14 महिलाओं सहित 53 प्रतिभागियों के बीच लेजर रेडियल नौकाओं की नौका दौड़ में



शीर्ष पर रही रूसी टीम में लेफ्टिनेंट गोर्कुनोव पेट्र लियिच और सीडीटी लोशिचिनिना पोलिना शामिल थे। इटली दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरुष वर्ग में भी लियिच पहले स्थान पर रहे।

## गुलबदीन नैब पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना



**एजेंसी । दुबई**


अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नैब पर शुक्रवार को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने पर शनिवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। अफगानिस्तान ने मुकाबला 50 रन से जीत तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह घटना जिम्बाब्वे की पारी के 11वें ओवर के दौरान हुई जब कप्तान राशिद खान की गेंद पर ताशिंगा मुसेकीवा के खिलाफ पगबाधा अपील को खारिज कर दिया गया। जुर्माने के अलावा पूर्व अफगानिस्तान कप्तान के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जो 24 महीने की अवधि के भीतर उनका पहला अपराध है। क्रिकेटर ने इसे स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी।

## सिंगापुर में भारतीयों ने गुकेश की जीत का जश्न मनाया

**एजेंसी । सिंगापुर**

डी गुकेश को विश्व शतरंजचैंपियन बनने पर शनिवार को यहां भारतीय समुदाय द्वारा सम्मानित किया गया। वह महज 18 साल में इस खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। गुकेश ने गुरुवार को सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीता। उन्होंने 14 बाजियों के मुकाबले को 7.5-6.5 से अपने नाम किया।

### 150 सदस्यों ने किया अभिनंदन



भारतीय उच्चायोग द्वारा यहां आयोजित स्वागत समारोह में उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के नेतृत्व में भारतीय समुदाय के लगभग 150 सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर अंबुले ने कहा, यह गुकेश की जीत थी, चाहे कोई कुछ भी कहें। उन्होंने इस युवा चैंपियन को जीत की शुभकामनाएं देते कहा, हमें गुकेश और उनकी जीत पर गर्व है। इस मौके पर गुकेश ने प्रवासी भारतवासियों साथ व्यक्तिगत तस्वीरें भी खिंचवाईं। 'बिझार सिंगापुर (बिहार और झारखंड के लोगों का समूह) की अध्यक्ष शिवानी खिरवाल ने कहा, हमें उनकी जीत पर गर्व है। यह बहुत ही जादुई क्षण था। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर में प्रोफेसर संध्या सिंह ने कहा, यह अद्भुत जीत थी।

# राज कपूर की 100वीं जयंती पर नरेंद्र मोदी ने दी श्रद्धांजलि

दिग्गज अभिनेता और निर्देशक राज कपूर की 14 दिसंबर को 100वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर 3 दिन के राज कपूर फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई है। बीते दिन शुरू हुए इस कार्यक्रम में कपूर खानदान समेत बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की थी। हाल ही में शोमैन की जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर उन्हें समर्पित एक पोस्ट किया और उनकी खूब तारीफ की।



### राज कपूर ने दुनियाभर के सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी- मोदी

मोदी ने एक्स पर लिखा, 'आज हम एक दूरदर्शी फिल्म निर्माता, अभिनेता और शाश्वत शोमैन, महान राज कपूर की 100वीं जयंती मना रहे हैं। उनकी प्रतिभा पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ी और उन्होंने भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी।' प्रधानमंत्री ने राज कपूर के अविस्मरणीय किरदारों की सराहना की, जो दशकों बाद भी दर्शकों के दिलों में गूंजते रहते हैं और इसी के साथ उन्होंने राज कपूर को एक सच्चे सांस्कृतिक राजदूत के रूप में वर्णित किया। अपनी दूसरे पोस्ट में मोदी ने लिखा, 'सिनेमा के प्रति राज कपूर का जुनून कम उम्र में ही शुरू हो गया और उन्होंने एक महान स्टोरीटेलर बनने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी फिल्में कलात्मकता, भावना और यहां तक कि सामाजिक टिप्पणियों का मिश्रण थीं। उन्होंने आम नागरिकों की आकांक्षाओं और संघर्षों को प्रतिबिंबित किया। राज कपूर की फिल्मों के महान किरदार और यादगार गाने दुनियाभर के दर्शकों के बीच गूंजते रहते हैं। उनकी फिल्मों का संगीत भी लोकप्रिय है।'

## 'स्पिरिट' में प्रभास से भिड़ने को तैयार करीना कपूर-सैफ अली खान



पिछले काफी समय से दर्शक करीना कपूर और सैफ अली खान को पर्दे पर साथ देखने का इंतजार कर रहे हैं। पिछली बार दोनों साल 2012 में फिल्म 'एजेंट विनोद' में साथ दिखे थे और अब एक बार फिर साथ में दर्शकों के बीच अपना जादू चलाने के लिए तैयार हैं। खबर है कि उन्हें 'बाहुबली' उर्फ प्रभास की अगली फिल्म 'स्पिरिट' में साइन कर दिया गया है। उनके साथ इस फिल्म में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी जुड़ गई हैं। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इस फिल्म में प्रभास की हीरोइन के लिए मृणाल से बातचीत कर रहे हैं, वहीं सैफ-करीना से बातचीत जारी है।

# राधिका आप्टे बनीं मां

अभिनेत्री राधिका आप्टे किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। वह कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर दर्शकों के बीच अपनी अदाकारी का लोहा मनवा चुकी हैं। राधिका बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करती हैं। कुछ समय पहले उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी का भी सीधे तौर पर ऐलान नहीं किया था। अब आखिरकार राधिका मां बन गई हैं, लेकिन यह खुशखबरी उन्होंने अपने प्रशंसकों को जरूर सुना दी है।

### बेटी के जन्म के तुरंत बाद काम में जुटीं राधिका

राधिका ने बेटी को जन्म दिया है। उन्होंने बच्चे को जन्म देने के लगभग 1 हफ्ते बाद अपने प्रशंसकों को यह खुशखबरी सुनाई है। दरअसल, अभिनेत्री ने ब्रेस्ट फीड करवाते हुए अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। तस्वीर में राधिका मुस्कुरा रही हैं। बेबी ब्रेस्ट फीड कर रहा है और राधिका साथ ही साथ अपना काम भी कर रही हैं। राधिका ने लिखा, 'पहली वर्क मीटिंग बेबी होने के बाद। बेबी 1 हफ्ते का हो गया है।' राधिका शादी के 12 साल बाद मां बनी हैं। उन्होंने साल 2012 में ब्रिटिश म्यूजिक कंपोजर बेनेडिक्ट टेलर से शादी की थी। राधिका ने अपनी प्रेग्नेंसी की तरह शादी की भी किसी को कानों-कान भनक तक नहीं लगने दी थी। बॉलीवुड के गलियारों में बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ थे कि राधिका शादीशुदा हैं। 'अंधाधुन' में काम कर चुकी अभिनेत्री ने अपनी शादी की तरह ही अपनी प्रेग्नेंसी की खबर को भी राज बनाए रखा।



## न्यूज़ ब्रीफ

### लालकृष्ण आडवाणी ICU में भर्ती

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे ICU में भर्ती हैं। अस्पताल के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है। 97 साल के आडवाणी को करीब दो दिन पहले अस्पताल लाया गया था। उनके परिवार ने बताया कि उन्हें सर्दी-खांसी की परेशानी हुई थी, जो पॉल्यूशन के चलते और बढ़ गई। फिलहाल उन्हें 48 घंटे के लिए न्यूरोलॉजी विभाग में डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में रखा गया हैं। कल के बाद उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है। इससे पहले, 26 जून को AIIMS दिल्ली में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में उनका एक छोटा ऑपरेशन हुआ था। अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। करीब एक हफ्ते बाद 3 जुलाई को रात 9 बजे अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अपोलो में भर्ती कराया गया था। हालांकि, एक दिन बाद ही वे घर आ गए थे। इसके बाद 6 अगस्त को भी उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी ने बताया था कि उन्हें रूटीन चेकअप के लिए हॉस्पिटल ले गए थे।

### तिरुपति लड्डू विवाद की जांच कर रही SIT पहुंची वेंकटेश्वर

**तिरुमाला।** आंध्र प्रदेश के तिरुमाला लड्डू विवाद की जांच के लिए गठित छह सदस्यीय एसआईटी (विशेष जांच दल) ने आज भगवान वेंकटेश्वर मंदिर का दौरा किया। उन्होंने मंदिर के तमाम खंडों की जांच की। बाद में, उन्होंने पोटू (मंदिर की रसोई) का भी निरीक्षण किया। तिरुमाला 'लड्डू' विवाद की जांच कर रही एसआईटी टीम ने मंदिर के विभिन्न खंडों में निरीक्षण किया। जांच टीम ने मंदिर की रसोई की भी जांच की जहां पवित्र तिरुमाला श्रीवारी लड्डू प्रसादम बनाया जाता है। उन्होंने संबंधित अभिलेखों की जांच करते हुए उस प्रयोगशाला की समीक्षा की जहां 'लड्डू' की क्वालिटी चेक की जाती है। एसआईटी टीम ने आटा मिल में भी निरीक्षण किया।

### भारत सरकार और UNICEF के बीच साझेदारी के 75 साल पूरे

**नई दिल्ली।** डाक विभाग संचार मंत्रालय, भारत सरकार और यूनिसेफ ने भारत में बच्चों के अधिकारों को साकार करने के लिए भारत के साथ यूनिसेफ की साझेदारी के 75 साल पूरे होने पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। 10 रुपये का विशेष डाक टिकट रचनात्मक रूप से एक मां और एक बच्चे का प्रतिनिधित्व करता है, जो यूनिसेफ के हर बच्चे के जीवित रहने, बढ़ने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के अधिकार की रक्षा और बढ़ावा देने के जनादेश का प्रतीक है, ये डाक टिकट खासकर कमजोर लोगों के लिए है। इस जनादेश के परिणामस्वरूप भारत सरकार के नेतृत्व में और यूनिसेफ की तरफ से समर्थित भारत में ऐतिहासिक प्रगति हुई। 1949 से, यूनिसेफ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार और राज्य सरकारों के साथ सहयोग और समर्थन किया है कि हर बच्चे की जीवन में अच्छी शुरुआत हो और उसे बेहतर अवसर मिले। बाल अधिकारों पर कन्वेंशन की तरफ से निर्देशित, 2030 के लिए वैश्विक सतत विकास लक्ष्य, यूनिसेफ की प्राथमिकताएं राष्ट्रीय सामाजिक विकास लक्ष्यों के साथ जुड़ी होती हैं।

# 5 साल में रोड एक्सीडेंट में 7.77 लाख मौतें

## महाराष्ट्र 66 हजार मौत के साथ तीसरे नंबर पर

## सबसे ज्यादा 1.08 लाख मौतें उत्तर प्रदेश में हुई



**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में 5 साल में सड़क हादसों में 7.77 लाख मौतें हुई हैं। सबसे ज्यादा 1.08 लाख मौतें उत्तर प्रदेश में हुई हैं। इसके बाद तमिलनाडु 84 हजार मौत और महाराष्ट्र 66 हजार मौत के साथ दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरफ से जारी किए गए 2018 से 2022 के डेटा के आधार पर रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे मिनिस्ट्री ने 'रोड एक्सीडेंट इन इंडिया, 2022' रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक, 2021 में देश में सड़क हादसों में 1,53,972 मौतें हुई थीं, जो 2022 में बढ़कर 1,68,491 हो गईं। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में देश में कुल 4,61,312 सड़क हादसे दर्ज किए गए, जिनमें से 1,55,781 (33.8%) जानलेवा थे। इन हादसों में 1,68,491 लोगों की मौत हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए। 2021 की तुलना में 2022 में कुल सड़क हादसों में 11.9% का इजाफा हुआ, जबकि सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 9.4% और घायलों की संख्या में 15.3% की बढ़ोतरी हुई। सड़क दुर्घटनाओं और मौतों के आंकड़ों से पता चलता है कि देश के कुल सड़क नेटवर्क का सिर्फ 5% हिस्सा हाईवे है, लेकिन इन पर 55% से ज्यादा हादसे होते हैं, जिनमें कुल मौतों में से 60% से ज्यादा मौतें होती हैं। 2022 में, कुल दुर्घटनाओं का 32.9% और कुल मौतों का 36.2% नेशनल हाईवे पर हुईं।

### गडकरी ने कहा था- सड़क हादसे कम करने का लक्ष्य था, ये और बढ़ गए

लोकसभा में सड़क हादसों पर चर्चा के दौरान गडकरी ने कहा था कि स्वीडन रोड एक्सीडेंट को जीरो पर ले आया है और भी बहुत से देशों ने इसे कम किया है। मैं बहुत ट्रांसपेरेंट हूं इसलिए बता रहा हूं कि जब मैंने सड़क परिवहन मंत्रालय का जिम्मा संभाला था, तो मैंने 2024 तक सड़क हादसों और इससे होने वाले मौतों को 50% कम करने का लक्ष्य रखा था। एक्सीडेंट कम करना तो भूल जाइए, मुझे तो ये स्वीकार करने में भी कोई शर्म नहीं है कि ये बढ़ गए हैं। इसलिए किसी भी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में सड़क हादसों पर चर्चा होने पर मैं मुंह छिपाने की कोशिश करता हूं।

# दुनिया में हर घंटे करीब 30 लोगों की डूबने से मौत

## डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से की ये अपील

**एजेंसी । नई दिल्ली**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से डूबने की घटनाओं की रोकथाम के लिए अपने उपायों को और मजबूत करने की अपील की है। डूबने की घटनाएं खासतौर पर बच्चों और कमजोर लोगों पर अधिक असर डालती हैं। डब्ल्यूएचओ की 'पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट' के मुताबिक, 2021 में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में 83,000 लोगों की मौत डूबने से हुई, जो वैश्विक डूबने के मामलों का 28 फीसदी हिस्सा था। दुनियाभर में हर घंटे करीब 30 लोगों की डूबने से मौत हो रही है।

### क्या है रिपोर्ट में ?

रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण-पूर्व एशिया में डूबने से हुई करीब 43 फीसदी मौतें 14 साल या उससे कम उम्र के बच्चों की थीं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, डूबना 5 से 14 साल के बच्चों के लिए तीसरा सबसे बड़ा मौत का कारण है और 1 से 4 साल के बच्चों के लिए चौथी सबसे बड़ी मौत की वजह बन गई है। डब्ल्यूएचओ की दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने कहा, 'जिंदगियों को बचाने और सभी के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपायों क लागू करना न सिर्फ जरूरी है, बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है।

# बिहार, केरल और ओडिशा के 11 जिलों में बाढ़ और सूखा का खतरा

## IIT की जलवायु रिपोर्ट में दी गई चेतावनी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



आईआईटी गुवाहाटी और मंडी मंडी की ओर से जारी एक जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि देश के 11 जिले बाढ़ और सूखा दोनों के लिए बहुत उच्च श्रेणी के जोखिम में हैं। रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन से होने वाली समस्याओं को जिलास्तर पर दिखाया गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी और मंडी ने मिलकर एक जुलवायु जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बिहार, केरल और ओडिशा के 11 जिले बाढ़ और सूखा दोनों के लिए 'बहुत उच्च' जोखिम में हैं। इनमें पटना, अलाप्पुझा और केंद्रपाड़ा जैसे जिले भी शामिल हैं। इन जिलों में तुरंत कदम उठाने की जरूरत है।

### रिपोर्ट में दावा

रिपोर्ट का शीर्षक 'भारत में जिला स्तरीय जलवायु जोखिम मूल्यांकन: आईपीसीसी ढांचे का उपयोग करके बाढ़ और सूखा जोखिम मानचित्रण' है। इसे बंगलूरू के भारतीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति अध्ययन केंद्र (सीएसटीईपी) के सहयोग से तैयार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 51 जिले बाढ़ के 'बहुत उच्च' जोखिम में हैं और 118 जिले 'उच्च' जोखिम श्रेणी में आते हैं। यह जोखिम असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में अधिक हैं।

# कोविड-19 धोखाधड़ी मामले में अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर

## सरकार को 167 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप

**एजेंसी । बेगलुरु**





कोविड-19 महामारी के दौरान धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल कर्नाटक के कई सरकारी अधिकारियों और प्राइवेट कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनपर सरकारी खजाने को 167 करोड़ रुपये का भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप है। यह मामला चिकित्सा कर्मियों के लिए सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और एन95 मास्क की अवैध खरीद पर केंद्रित है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई) के मुख्य अकाउंटिंग अधिकारी डॉ. एम. विष्णुप्रसाद ने एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में डीएमई के एक पूर्व निदेशक और सेराटिन प्राइवेट कंपनियों के प्रबंधन समेत प्रमुख हस्तियों पर आरोप लगाए हैं।

### पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

कर्नाटक के विधान सौध पुलिस स्टेशन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन इसमें शामिल किसी भी राजनीतिक या शीर्ष पद पर मौजूद अधिकारी के नाम का खुलासा करने से मना किया गया है। शिकायत में बताया गया कि 2020 में कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति खरीदते समय कानूनी खरीद प्रक्रियाओं का पालन करने में विफल रहा। 18 अगस्त 2020 को राज्य सरकार ने 17 सरकारी कॉलेजों और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए 2.59 लाख एन95 मास्क और पीपीई किट को अधिकृत किया था। सरकारी आदेशों के बावजूद खरीद प्रक्रिया में कई अवैधताएं देखी गईं। पीपीई किट की आपूर्ति के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन मालूम चला कि अस्पतालों तक किट की आपूर्ति नहीं की गई। दस्तावेजों और चालान में भी गड़बड़ी देखी गईं। एफआईआर में आगे बताया गया कि मुंबई की एक कंपनी ने इस धोखाधड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ अधिकारियों पर इस धोखाधड़ी को बढ़ावा देने का भी आरोप है।

# स्कूल में गिरा ओवरहेड वॉटर टैंक

## तीन छात्रों की मौत, 2 घायल



**एजेंसी । ईटानगर**

अरुणाचल प्रदेश में एक दुखद हादसे में निजी स्कूल का ओवरहेड वाटर टैंक गिर गया, जिसकी चपेट में आने से तीन छात्रों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी एएनआई ने घटना की जानकारी देते हुए पुलिस के हवाले से बताया कि नाहरलागुन इलाके में शनिवार को एक निजी स्कूल के तीन छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9 बजे मॉडल विलेज के सेंट अल्फोंसा स्कूल में हुई। नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने एजेंसी से कहा, 'पांच में से तीन की मौत हो गई और दो अन्य का इलाज चल रहा है।'

### प्रिंसिपल और मालिक पुलिस हिरासत में

एसपी ने कहा, 'मॉडल विलेज, नाहरलागुन में सेंट अल्फोंसा स्कूल की ओवरहेड वॉटर टैंक की दीवार गिर गई और स्कूल के कुछ छात्रों पर गिर गई। घायल छात्रों को टोमो रीबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज (TRIHMS) मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया/ पुलिस ने कहा कि मृतक कक्षा 9 के छात्र हैं, जबकि घायल कक्षा 6 और 8 के छात्र हैं। पुलिस ने स्कूल के प्रिंसिपल, मालिक और चार अन्य कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मिहिन गाम्बो ने कहा, 'शुरुआत में हमने इमारत के मालिक और स्कूल के प्रिंसिपल सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है और हम उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। तीनों मृतक छात्र कक्षा 9 के छात्र हैं।

# लोकसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला

## पीएम मोदी बोले- संविधान संशोधन करने का खून कांग्रेस के मुंह लगा, 6 दशक में इसे 75 बार बदला

**एजेंसी । नई दिल्ली**



लोकसभा में पीएम मोदी ने संविधान के 75 वर्ष के गौरवशाली यात्रा पर बहस में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस और गांधी परिवार पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा- कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। देश के लंबे इतिहास में एक ही परिवार ने राज किया है। इस परिवार के कुविचार, कुरीति, कुनीति, इसकी परंपरा निरंतर चल रही है। हर स्तर पर इस परिवार ने संविधान को चुनौती दी है।

### पीएम मोदी ने किया नेहरू जी की चिट्ठी का जिक्र

पीएम मोदी ने कहा- नेहरू जी ने उस दौरान एक चिट्ठी लिखी थी। अगर संविधान हमारे रास्ते में आ जाए तो हर हाल में संविधान में परिवर्तन करना चाहिए। जब देश में संविधान नहीं था। तब राजेंद्र प्रसाद जी ने चेताया था कि यह गलत कर रहे हो। तब हमारे स्पीकर ने भी इसे गलत बताया था। आचार्य कृपलानी, जयप्रकाश नारायण जैसी बड़ी शख्सियतों ने भी इसे गलत करार दिया। लेकिन नेहरू जी का अलग संविधान चलता था। इसलिए उन्होंने इतने वरिष्ठ महानुभावों की सलाह नहीं मानी और उनकी राय को दरकिनार कर दिया। पीएम मोदी आगे कहा कि, संविधान संशोधन का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वो समय-समय पर इसका शिकार करती रही। छह दशक में करीब 75 बार संविधान को बदला गया।

### नेहरू, इंदिरा और राजीव पर पीएम हमला

पीएम मोदी ने आगे कहा- यह परंपरा यही पर नहीं रुकी, नेहरू ने जो शुरू किया था, जिसे इंदिरा गांधी ने आगे बढ़ाया, इसी वजह से राजीव गांधी की सरकार उस वृद्ध महिला से हक छीन लिया था जिसे कोर्ट ने हक दिया था। शाहबानो की भावना, कोर्ट की भावना को राजीव गांधी ने नकार दिया था, उन्होंने संविधान को कुचल दिया था। उन्होंने न्याय के लिए एक बूढ़ी महिला का साथ नहीं दिया बल्कि कट्टरपंथियों के साथ चले गए, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। लेकिन बात यहां पर नहीं रुकी।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का जिक्र

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा- मेरे से पहले जो प्रधानमंत्री थे, एक किताब में उनका वक्तव्य लिखा था। मुझे ये स्वीकार करना होगा कि पार्टी अध्यक्ष सत्ता का केंद्र है। सरकार पार्टी के प्रति जवाबदेह है। इतिहास में पहली बार चुने हुए प्रधानमंत्री के ऊपर एक गैर-संवैधानिक और जिसने कोई शपथ नहीं लिया था। नेशनल एडवायजरी काउंसिल, पीएमओ के ऊपर बिठा दिया था।

### राहुल पर पीएम मोदी का निशाना

पीएम मोदी ने आगे कहा- इतना ही नहीं और एक पीढ़ी आगे चलें तो उस पीढ़ी ने भारत के संविधान के तहत देश की जनता जनार्दन देश की सरकार चुनती है। उस सरकार का मुखिया कैबिनेट बनाता है। इस कैबिनेट ने जो निर्णय किया। संविधान का अपमान करने वाले अहंकार से भरे लोगों ने पत्रकारों और कैमरों के सामने कैबिनेट के उस फैसले को फाड़ दिया।

### संविधान निर्माताओं का भी अपमान हुआ था- पीएम

पीएम मोदी ने आगे कहा- 1947 से 1952 इस देश में चुनी हुई सरकार नहीं थी। एक अस्थायी व्यवस्था, एक सेलेक्टेड सरकार थी। चुनाव नहीं हुए थे। एक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर खाका खड़ा हुआ था। 1952 के पहले राज्यसभा का गठन नहीं हुआ था। जनता का कोई आदेश नहीं हुआ था। अभी अभी तो संविधान निर्माताओं ने संविधान बनाया था। तब उन्होंने ऑर्डिनेंस कर के संविधान को बदला और किया क्या- अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला कर दिया गया। ये संविधान निर्माताओं का भी अपमान था। लेकिन वहां उनकी चली नहीं। बाद में जैसे ही मौका मिला, उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी का हथौड़ा मार दिया। वो जो संविधान सभा में नहीं करवा पाए, वो उन्होंने पीछे के दरवाजे से किया। जो चुनी हुई सरकार के नेता नहीं थे, उन्होंने ये किया।

# 'विजयेंद्र ने अनवर मणिप्पाडी को 150 करोड़ की रिश्वत देने की कोशिश की'

## सीएम सिद्धारमैया का आरोप

**एजेंसी । बेगलुरु**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी को वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण के मुद्दे की जांच को दबाने के लिए 150 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की। सिद्धारमैया ने एख बयान में कहा, मणिप्पाडी ने सार्वजनिक रूप से यह बयान दिया था कि बी.एस. येदियुरप्पा के मुख्यमंत्री रहते हुए विजयेंद्र ने उनके घर पर आकर वक्फ संपत्ति घोटाले की रिपोर्ट पर चुप रहने के लिए डेढ़ सौ करोड़ रुपये की रिश्वत देने की पेशकश की थी। उन्होंने यह भी कहा कि मणिप्पाडी ने विजयेंद्र को अपने घर से बाहर निकाला था और इस मामले की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी थी।

### 'घोटाले में शामिल लोगों को क्यों बचा रहा भाजपा नेतृत्व'

इस पर मणिप्पाडी और विजयेंद्र की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सिद्धारमैया ने आगे कहा, मोदी के बड़े वादे 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' का क्या हुआ? इस गंभीर आरोप पर मोदी की चुप्पी सवाल खड़े करती है। भाजपा नेतृत्व विजयेंद्र और वक्फ संपत्ति घोटाले में शामिल अन्य लोगों को क्यों बचा रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बी .एस . येदियुरप्पा और बसवराज बोम्मई के शासनकाल में वक्फ संपत्तियों से जुड़े नोटिस की बाढ़ आ गई थी।

# CM विजयन ने PM मोदी को लिखा पत्र

## विझिनजाम पोर्ट VGF पर केंद्र के फैसले को वापस लेने का किया अनुरोध

**एजेंसी । कोच्चि।**



केंद्र सरकार की तरफ से केरल सरकार की उस याचिका को खारिज करने के बाद जिसमें उसने राज्य को विझिनजाम बंदरगाह परियोजना के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) किस्तों में चुकाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की थी, इस मामले में सीएम पिनाराई विजयन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि राज्य की तरफ से पुनर्भुगतान पर जोर दिए बिना यह निधि दी जानी चाहिए। अपने खुले पत्र में, सीएम ने आरोप लगाया कि विझिनजाम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह परियोजना देश में एकमात्र ऐसा मामला होगा, जहां भारत सरकार ने व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) सहायता के पुनर्भुगतान की मांग की है। विझिनजाम बंदरगाह परियोजना को आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए), केंद्रीय वित्त मंत्रालय की तरफ से बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) का लाभ उठाने के लिए संरचित किया गया है।

# पश्चिम बंगाल में भी बनेगा भव्य राम मंदिर

## भाजपा ने किया एलान, ममता सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भाजपा ने पश्चिम बंगाल में भी भव्य राम मंदिर बनाने का एलान कर दिया है। ये एलान तृणमूल कांग्रेस के सांसद हुमायूं कबीर के उस बयान के बाद किया गया है, जिसमें उन्होंने राज्य में बाबरी जैसी मस्जिद बनाने की बात कही थी। हालांकि भाजपा नेता अग्निमित्र पॉल ने कहा कि राम मंदिर बनाने के फैसले को मस्जिद वाले एलान से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कबीर के बाबरी मस्जिद वाले बयान पर आपत्ति भी जताई।

### ममता बनर्जी को भी घेरा

उन्होंने ममता बनर्जी पर राजनीतिक लाभ के लिए सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने का आरोप भी लगाया। पॉल ने कहा कि 'इन बयानों के पीछे ममता बनर्जी हैं। वह वोट बैंक के लिए दूसरा बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। राम मंदिर बनेगा। हम अयोध्या में राम मंदिर के एक साल पूरा होने का जश्न मनाएंगे और बरहमपुर में शिलान्यास किया जाएगा।'

### हुमायूं कबीर पर गंभीर आरोप

पॉल ने कहा कि उन्होंने पहले भी हिंदू समुदाय को लेकर कई भड़काने वाले बयान दिए थे, लेकिन उन पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। पॉल ने कहा, 'राम मंदिर, मस्जिद के एलान के बाद नहीं बनाया जा रहा है। बाबरी मस्जिद भी बन सकती है और राम मंदिर भी बन सकता है। पॉल ने आगे कहा, 'लेकिन जिस व्यक्ति ने बाबरी मस्जिद बनाने की बात कही है, उसने पहले यह भी कहा था कि हिंदुओं का कत्लेआम कर भागीरथी में फेंक दिया जाएगा। लेकिन इसके लिए न तो उन्हें सजा हुई और न ही कारण बताओ नोटिस दिया गया।'